

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,सोमवार 09 मार्च 2026 ■ चैत्र कृष्ण पक्ष-6 ■ वर्ष -41 ■ अंक-335 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 10 मार्च 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये

## शराब घोटाला केसः दिल्ली हाईकोर्ट से सीबीआई को राहत

### ट्रायल कोर्ट के आदेश पर लगी रोक, 23 आरोपियों को नोटिस

**नई दिल्ली,9 मार्च।** दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली शराब नीति मामले में सीबीआई को बड़ी राहत दी है। अदालत ने जांच में कथित खामियों को लेकर सीबीआई अधिकारी के खिलाफ जांच कराने के ट्रायल कोर्ट के आदेश पर फिलहाल रोक लगा दी है। हाईकोर्ट ने यह भी कहा कि जब तक इस मामले में वह अंतिम फैसला नहीं सुनाता, तब तक ट्रायल कोर्ट ईडी से जुड़े केस में कोई निर्णय न सुनाए। हाईकोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 16 मार्च को तय की है। तब तक इस केस में राउज एवेन्यू कोर्ट की आगे की कार्रवाई पर रोक बनी रहेगी। यह मामला दिल्ली की कथित शराब नीति घोटाले से जुड़ा है, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल समेत कई लोगों के नाम सामने आए थे। इससे पहले ट्रायल कोर्ट ने जांच में खामियों को लेकर सीबीआई के एक अधिकारी के खिलाफ विभागीय जांच कराने की बात कही थी, जिसे अब हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी। दिल्ली हाईकोर्ट आज सीबीआई की उस अपील पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें दिल्ल के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल, पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया और कथित शराब पॉलिसी स्कैम से जुड़े करप्शन केस में बाकी सभी 21 आरोपियों को बरी करने को चुनौती दी गई है। मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल समेत सभी 23 आरोपियों को नोटिस जारी किया है। अदालत ने इस मामले में अगली सुनवाई 16 मार्च को तय की है। सुनवाई के दौरान सीबीआई की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने हाईकोर्ट में कहा कि यह भ्रष्टाचार का साफ मामला है। उन्होंने दलील दी कि रिश्वत लेने और बैठकों के होने के फोरेंसिक सबूत मौजूद हैं। तुषार




मेहता ने अदालत से कहा कि उन्होंने किसी जांच एजेंसी को इतने विस्तार और बारीकी से सबूत इकट्ठा करते नहीं देखा है। उन्होंने कहा, "मैं कोई बढ़ा-चढ़ाकर बयान नहीं दे रहा हूं, बल्कि अदालत के सामने मौजूद सबूतों को सही साबित करना चाहता हूं।" तुषार मेहता ने दलील दी कि मामले में रिश्वत लेने और बैठकों के होने के फोरेंसिक सबूत मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के मामलों में यह भी संभव है कि राजनीतिक बदले की भावना का आरोप लगाया जाए, लेकिन जांच के दौरान सभी गवाहों के बयान मजिस्ट्रेट के सामने दर्ज किए गए हैं। उन्होंने बताया कि मामले में 164 गवाहों के बयान दर्ज हैं, जो बताते हैं कि कथित साजिश कैसे रची गई, कहां-कहां बैठकें हुईं, रिश्वत कैसे दी गई और किसे दी गई। उन्होंने यह भी कहा कि इस मामले में विजय नायर नाम का एक व्यक्ति अहम कड़ी है, जिसके सीधे संपर्क में दो राजनीतिक नेता बताए गए हैं।

सॉलिसिटर जनरल ने ट्रायल कोर्ट के फैसले पर सवाल उठाते हुए कहा कि विवादित आदेश क्रिमिनल लॉ की मूल प्रक्रिया को बदल देता है। उनके मुताबिक, डिस्चार्ज के सवाल पर फैसला करते हुए ट्रायल कोर्ट ने कहा कि कोई कोलेबोरेटिव (समर्थन करने वाला) मटीरियल नहीं है, जबकि जांच में काफी ऐसे सबूत मौजूद हैं जिन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। मेहता ने कहा कि डिस्चार्ज का चरण वह नहीं होता, जहां अदालत को सबूतों का विस्तृत मूल्यांकन करना चाहिए। उनके अनुसार यह आदेश बिना ट्रायल के ही आरोपियों को बरी करने जैसा है।दरअसल, राउज एवेन्यू कोर्ट के स्पेशल जज जितेंद्र सिंह ने 27 फरवरी को इस मामले में अरविंद केजरीवाल समेत सभी 23 आरोपियों को आरोपमुक्त कर दिया था। फैसला सुनाते समय जज ने जांच में कमियों को लेकर सीबीआई को कड़े शब्दों में फटकार लगाई थी.

## ईरान पर संसद में संग्राम, वाकआउट

### विपक्ष ने लोकसभा में जमकर हंगामा किया

**नई दिल्ली,9 मार्च।** संसद के बजट सत्र का दूसरा फेज आज से शुरू हो गया है। पहले दिन विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ईरान संकट और मिडिल ईस्ट से भारतीयों को निकालने की जानकारी दी। हालांकि ईरान पर संसद में विपक्ष ने जमकर संग्राम मचाया। विपक्ष जंग के बाद पश्चिम एशिया में बने हालात पर चर्चा की मांग को लेकर लोकसभा में जमकर हंगामा किया। वहीं दूसरी तरफ राज्यसभा से वॉकआउट किया। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पहले राज्यसभा में और फिर लोकसभा में गल्फ देशों से भारतीयों की वापसी और एनर्जी संकट को लेकर तैयारियों के बारे में बताया। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा कि हमारी सरकार ने 20 फरवरी को बयान जारी कर गहरी चिंता जताई थी और सभी पक्षों से संयम बरतने की अपील की थी। हमारा मानना है कि तनाव कम करने के लिए बातचीत और कूटनीति को आगे बढ़ाना चाहिए। एस जयशंकर ने आज सोमवार को राज्यसभा में कहा कि मध्य पूर्व में जारी युद्ध में मारे गए लोगों को लेकर दुख है। उन्होंने खाड़ी संकट को लेकर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार हालात पर नजर बनाए हुए हैं। भारत क्षेत्र में शांति का पक्षधर है. पीएम मोदी ने खाड़ी के कई देशों से खुद बातचीत की है। हमने ईरानी विदेश मंत्री से बात की। उन्होंने यह भी कहा कि इस इलाके में भारतीय समुदाय की भलाई और सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता बनी हुई है।

राज्यसभा में पश्चिम एशिया के हालात पर विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि यहां चल रहा संघर्ष भारत के लिए बेहद चिंता का विषय है। हम पड़ोसी इलाके में आते हैं, और पश्चिम एशिया में स्थिरता बनाए रखना हमारी साफ जिम्मेदारी है। खाड़ी देशों में करीब एक करोड़ भारतीय रहते हैं और वहां काम करते हैं। ईरान में भी, कुछ हजार भारतीय पढ़ाई या फिर नौकरी के लिए हैं." उन्होंने कहा- यह इलाका हमारी एनर्जी सिक्योरिटी के लिए बहुत जरूरी है और इसमें तेल तथा गैस के कई जरूरी सप्लायर शामिल है।

### राज्यसभा चुनावः विजय शर्मा केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त

**रायपुर,9 मार्च।** राज्यसभा की रिक्त हो रही 10 राज्यों की 37 सीटों पर 16 मार्च को मतदान होगा. भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किए हैं. इस कड़ी में छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा को बिहार का पर्यवेक्षक नियुक्त किया है. भाजपा ने बिहार सहित हरियाणा और ओडिशा के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है. बिहार में राज्यसभा की पांच सीटों के लिए होने वाले चुनाव के लिए मैदान में छह उम्मीदवार हैं. इनमें एनडीए के प्रत्याशी बिहार के मुख्यमंत्री और जनता दल यूनाइटेड के नेता नीतीश कुमार, केंद्रीय राज्य मंत्री और जदयू नेता रामनाथ ठाकुर, बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, पूर्व विधायक शिवेश कुमार और राष्ट्रीय लोक मोर्चा से उपेंद्र कुशवाहा ने पर्चा भरा है. वहीं राष्ट्रीय जनता दल ने एडी सिंह को प्रत्याशी बनाया है.बिहार में पेंच पांचवी सीट को लेकर फंसा है, जिसकी वजह से चुनाव की स्थिति बनी है. स्थिति को देखते हुए भाजपा ने छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के साथ केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा को बिहार में पर्यवेक्षक नियुक्त किया है. इनके अलावा हरियाणा के लिए गुजरात के उप मुख्यमंत्री हर्ष सांघवी और ओडिशा के लिए महाराष्ट्र के फडणवीस सरकार में मंत्री चन्द्रशेखर बावनकुले को पर्यवेक्षक नियुक्त किया है.

### नेपाल में बालेन शाह होंगे पहले मधेशी प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली :** नेपाल में राजशाही के साए में और उसके बाद के राजनीतिक परिदृश्य में उभरे दल और उनके दिग्गज नेता 2026 के चुनाव में किनारे लग चुके हैं। पूरा देश बालेंद्र (बालेन) शाह के रैप म्यूजिक की धुन पर थिरक रहा है। बालेंद्र देश के पहले मधेशी प्रधानमंत्री बन सकते हैं। यह समुदाय उत्तर प्रदेश और बिहार से रोटी-बेटी का संबंध रखने वालों का है। प्रतिनिधि सभा के इस चुनाव में मतदाताओं द्वारा चुनी जाने वाली 165 सीटों में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) को अभी तक 120 सीटें मिल चुकी हैं और छह सीटों पर उसके प्रत्याशी आगे चल रहे हैं। आरएसपी के इस प्रदर्शन में देश के युवा जीत के पुरोधा बनकर उभरे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सफल चुनाव के लिए नेपाल के लोगों को बधाई दी है।

### फिर बम की धमकी, खाली कराए गए बालोद-बेमेतरा कोर्ट

**बालोद/बेमेतरा,9 मार्च।** छत्तीसगढ़ के हाईकोर्ट और विभिन्न जिला कोर्टों को लगातार बम से उड़ाने की धमकियां मिल रही है। इसी बीच आज बालोद कोर्ट और बेमेतरा जिला न्यायालय परिसर को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली है, जिससे हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है कि यह धमकी ईमेल के जरिए मिली है। धमकी मिलने के बाद कोर्ट में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। वहीं पुलिस ने कोर्ट परिसर से सभी मजिस्ट्रेटों को सुरक्षित सर्किट हाउस लेकर पहुंची और सभी अधिवक्ताओं को भी बाहर निकाला गया है। फिलहाल, कोर्ट परिसर की सुरक्षा बढ़ा दी गई है और बम स्क्वॉड की टीम जांच में जुट गई है। बता दें कि 25 फरवरी को छत्तीसगढ़ के हाईकोर्ट को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली थी, जिससे हाईकोर्ट परिसर में सुरक्षा कड़ी कर दी गई थी। इसके अलावा, इससे पहले प्रदेश के अन्य जिलों जैसे राजनांदगांव, जांजगीर-चांपा और जगदलपुर के न्यायालयों को भी इसी तरह की धमकियां मिल चुकी हैं। हालांकि, जांच में यह बात सिर्फ अफवाह निकली थी।

## कोल ब्लॉक केस में ईडी को झटका

### कोर्ट का संज्ञान लेने से इंकार

**रायपुर,9 मार्च।** कोल ब्लॉक आवंटन से जुड़े मामले में प्रवर्तन निदेशालय को बड़ा झटका लगा है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों पर ईडी की शिकायत पर संज्ञान लेने से ही इनकार कर दिया। स्पेशल जज धीरज मोर ने साफ कहा



कि ईडी ऐसा क्षेत्राधिकार नहीं ले सकती, जो कानून ने उसे दिया ही नहीं है। अदालत ने कहा कि इस मामले में 'क्राइम से प्राप्त संपत्ति' का कोई ठोस आधार ही साबित नहीं हुआ। यह मामला 2008 में छत्तीसगढ़ के केसला नॉर्थ कोल ब्लॉक के आवंटन से जुड़ा है। ईडी ने राठी स्टील एंड पावर लिमिटेड और उसके तीन अधिकारियों उदित राठी, प्रदीप राठी और एक पूर्व मैनेजर पर आरोप लगाया था कि उन्होंने गलत जानकारी देकर कोल ब्लॉक हासिल किया। ईडी का दावा था कि कंपनी ने इस आवंटन के आधार पर शेयर कैपिटल बढ़ाकर करीब 3.08 करोड़ रुपये का फायदा उठाया। लेकिन अदालत ने इस तर्क को खारिज करते हुए कहा कि कोल ब्लॉक का आवंटन पत्र सिर्फ एक शुरुआती प्रक्रिया है, इससे कंपनी को तत्काल कोई अधिकार या आर्थिक लाभ नहीं मिलता। अदालत ने ईडी की जांच को "बेबुनियाद धारणाओं और अनुमानों" पर आधारित बताया और एजेंसी द्वारा अटैच की गई करीब 30 लाख रुपये की संपत्तियों को भी डी-अटैच करने का आदेश दे दिया। दरअसल यह मामला सीबीआई की उस जांच से जुड़ा है, जिसमें 2016 में आरोपियों को दोषी ठहराया गया था। ईडी ने उसी आधार पर मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया था, लेकिन अदालत ने अब इस पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है।

## ईरान के मिसाइल और ड्रोन हमले से खाड़ी देशों में हड़कंप

तेहरान,9 मार्च। मध्य पूर्व में जारी तनाव अब जबरदस्त सैन्य टकराव की ओर बढ़ता दिखाई दे रहा है। ईरान से दागी गई मिसाइलों और ड्रोन हमलों के कारण संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब और बहरीन समेत कई खाड़ी देशों में सुरक्षा स्थिति बेहद गंभीर हो गई है। कई जगहों पर विस्फोटों की आवाजें सुनी गईं, तेल प्रतिष्ठानों को नुकसान पहुंचा और तेल की कीमतों में भारी उछाल दर्ज किया गया। इस बीच कई देशों ने नागरिकों की सुरक्षा को लेकर चेतावनी जारी की है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शांति की अपील भी तेज हो गई है। संयुक्त अरब अमीरात के रक्षा मंत्रालय ने बताया है कि देश की वायु रक्षा प्रणाली लगातार ईरान से आने वाली मिसाइल और ड्रोन खतरों का सामना कर रही है। मंत्रालय के अनुसार अब तक 17 बैलिस्टिक मिसाइलों का पता चला जिनमें से 16 को हवा में ही नष्ट कर दिया गया, जबकि



एक मिसाइल समुद्र में गिर गई। इसके अलावा 117 मानवरहित हवाई यान यानी ड्रोन भी पकड़े गए जिनमें से 113 को मार गिराया गया, जबकि चार ड्रोन देश की सीमा के भीतर गिरे। यूएई के रक्षा मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार ईरानी हमलों की शुरुआत से अब तक कुल 238 बैलिस्टिक मिसाइलें पहचानी गईं। इनमें से 221 को नष्ट कर दिया गया, पंद्रह समुद्र में गिरीं और दो देश के भीतर गिरीं। इसी तरह 1422 ड्रोन का पता चला जिनमें से 1342 को रोक लिया गया, जबकि 80 देश की सीमा के भीतर गिरे। आठ क्रूज मिसाइलों को भी वायु रक्षा प्रणाली ने नष्ट कर दिया। उधर, यूएई के कई शहरों में विस्फोट जैसी आवाजें सुनी गईं जो दरअसल वायु रक्षा प्रणाली द्वारा मिसाइल और ड्रोन को मार गिराने के कारण उत्पन्न हुईं। अधिकारियों ने लोगों से सतर्क रहने और केवल सरकारी निर्देशों का पालन करने की अपील की है। कुछ जगहों पर गिरते मलबे से मामूली नुकसान की भी खबर है। इस बीच यूएई के फुजैरा क्षेत्र में एक तेल सुविधा केंद्र में आग लगने की घटना सामने आई है। अधिकारियों के अनुसार यह आग एक हमले के बाद लगी। फुजैरा यूएई के सात अमीरात में से एक है और यहां ऊर्जा से जुड़ी महत्वपूर्ण सुविधाएं स्थित हैं। हमले के बाद वहां से धुएं का बड़ा गुबार उठता देखा गया। ड्रोन हमलों के कारण यूएई में चार लोगों की मौत भी हुई है। मृतकों में पाकिस्तान, नेपाल और बांग्लादेश के नागरिक शामिल बताए गए हैं। इससे क्षेत्र में काम कर रहे विदेशी श्रमिकों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

## जंगल में आग पर काबू पाने आगे आए दो 'बालवीर'




**बस्तर,9 मार्च।** बस्तर जिले के करपावंड रेंज के अंतर्गत मोखागांव के जंगलों में जब शनिवार को भीषण आग की लपटें उठीं, तो उन्हें बुझाने के लिए सरकारी अमले के साथ दो ऐसे जांबाज भी कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हो गए, जिनकी उम्र अभी खेलने-कूदने की है। धनपुर गांव के रहने वाले 8 वर्षीय मुना और 10 वर्षीय तिलक ने जंगल को जलता देख न केवल साहस का परिचय दिया, बल्कि अपनी सूझबूझ से वन विभाग के कर्मचारियों को भी हैरत में डाल दिया। जैसे ही इन बच्चों ने जंगल में आग की लपटें देखीं, उन्होंने बिना किसी हिचकिचाहट या सरकारी आदेश के इंतजार किए स्वप्रेरित होकर आग बुझाने के काम में जुट गए। वन अमले और बच्चों के संयुक्त प्रयास से बेहद कम समय में आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। वन विभाग के अधिकारियों ने बच्चों की जमकर सराहना की है।बता दें कि गर्मी के दौरान वनों से आच्छादित बस्तर में आग लगने के सैकड़ों मामले सामने आते हैं। आग पर काबू करने के लिए जमीनी स्तर पर वन अमले को तैनात किया गया है, लेकिन स्थानीय स्तर पर ग्रामीणों की सक्रियता बस्तर के जंगलों को दावानल से बचाने का काम करती है।

## हवाई जहाज के टॉयलेट में 'बीड़ी' जलाई,गिरफ्तार

नई दिल्ली,9 मार्च। दिल्ली से गोवा जा रही अकासा एयर की फ्लाइट में यात्रियों के बीच उस समय दहशत मच गई, जब एक यात्री फ्लाइट के टॉयलेट में बीड़ी जलाकर पीने लगा। यात्री को विमान के टॉयलेट में बीड़ी पीते हुए पकड़ा गया। जिसके पास लाइटर भी मिला है। गंभीर सुरक्षा उल्लंघन के आरोप में दिल्ली के आशीष नामक यात्री के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने इस मामले में बताया कि यह घटना शनिवार को फ्लाइट QP1625 में हुई है। दिल्ली का रहने वाला आशीष नेशनल कैपिटल से कोस्टल स्टेट के लिए फ्लाइट QP1625 में सफर कर रहा था। यात्री फ्लाइट के टॉयलेट में 'बीड़ी' जलाकर वहीं बैठकर पी रहा था। उसे बीड़ी पीते हुए पैसेंजर ने पकड़ लिया। वहीं एयरलाइन ने एक बयान में कहा कि 7 मार्च को दिल्ली से गोवा जा रही अकासा एयर की फ्लाइट QP1625 में यात्रा कर रहे एक यात्री को विमान के टॉयलेट में स्मोकिंग करते हुए पाया गया। अकासा एयर ने कहा कि तय सुरक्षा और रेगुलेटरी प्रक्रियाओं और लागू कानून के अनुसार उसके क्रू ने "ज़रूरी प्रोटोकॉल का पालन किया"। गोवा पहुंचने पर आरोपी को अधिकारियों को सौंप दिया गया। एयरलाइन ने कहा कि वह इस मामले में अधिकारियों को "पूरा सहयोग" कर रही है। एयरलाइन की शिकायत के मुताबिक पैसेंजर ने फ्लाइट के दौरान प्लेन के टॉयलेट के 'बीड़ी' (हाथ से बनी सिगरेट) पी और उसके पास एक लाइटर भी मिला, जो एयरक्राफ्ट और उसमें सवार पैसेंजर की सेफ्टी के लिए खतरा हो सकता था। पुलिस ने कहा कि इस हरकत से फ्लाइट के दौरान साथी पैसेंजर और क्रू मेंबर की सेफ्टी खतरे में पड़ गई। पुलिस ने बताया कि गोवा के मोपा एयरपोर्ट पुलिस स्टेशन में आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और सिविल एविएशन सेफ्टी के खिलाफ गैरकानूनी कार्यों के दमन अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। मामले की जांच जारी है।

## भोरमदेव अभयारण्य में 30 चीतलों का पुनर्वास प्रस्ताव, 36 किमी जंगल में सफारी भी

**कवर्धा,9 मार्च।** भोरमदेव वन्यजीव अभयारण्य को वन्यजीव पर्यटन के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में वन विभाग ने नई पहल शुरू की है।



प्रस्तावित जंगल सफारी के साथ अभयारण्य में 30 चीतलों को लाने की योजना तैयार की गई है। इन चीतलों को बारनवापारा अभयारण्य से ट्रांसपोर्ट कर भोरमदेव लाया जाएगा। इसके लिए वन विभाग ने उच्च कार्यालय को प्रस्ताव भेज दिया है। वन अधिकारियों के अनुसार चीतलों को प्राकृतिक आवास में छोड़ने से पहले सफारी रूट, सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी तंत्र को पूरी तरह तैयार किया जाएगा, ताकि उनका नए वातावरण में सुरक्षित अनुकूलन हो सके और पर्यटकों को वन्यजीवों का बेहतर अनुभव मिल सके। भोरमदेव अभयारण्य की अधीक्षक अनिता साहू ने बताया कि वर्तमान में भी अभयारण्य क्षेत्र में चीतलों की संख्या पर्याप्त है और समय के साथ इसमें वृद्धि हो रही है। प्रस्तावित जंगल सफारी लगभग 36 किलोमीटर लंबे सर्किल रूट पर संचालित की जाएगी। इसकी एंट्री करियाआमा से होगी, जहां से सफारी रूट सरकी कछार, टेडगासाले और बकोदा होते हुए दुरदुरी तक जाएगा। इस मार्ग पर सैलानियों को जंगल और वन्यजीवों के रोमांचक दृश्य देखने को मिलेंगे। जंगल सफारी की शुरुआत तीन जिप्सी वाहनों से की जाएगी, जिन्हें वाइल्ड लाइफ सफारी के अनुरूप विशेष रूप से मॉडिफाई किया जा रहा है। इनमें से एक जिप्सी मॉडिफाई होकर पहुंच भी चुकी है।

## ट्रेलर में लोड 41 टन लोहे का एंगल चोरी कर भागा हेल्पर बंदी




**रायगढ़,9 मार्च।** कोतरारोड़ थाना क्षेत्र में ट्रेलर सहित 41 टन लोहे का एंगल चोरी कर फरार हुए हेल्पर को रायगढ़ और सक्ती पुलिस की संयुक्त नाकेबंदी में पकड़ा गया। पुलिस ने ट्रेलर क्रमांक RJ 48 GA 3147 और उसमें लोड लोहे का एंगल समेत करीब 60 लाख रुपये की संपत्ति बरामद की है। मामले में विधि के साथ संघर्षरत अपचारी बालक को पकड़कर किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया है। पुलिस के अनुसार ट्रेलर चालक धरमराज जाट निवासी अजमेर (राजस्थान) ने कोतरारोड़ थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 5 मार्च को जेएसपीएल रायगढ़ से ट्रेलर में करीब 41 टन लोहे का एंगल लोड कराया गया था। 7 मार्च की शाम जिंदल गेट के बाहर ट्रेलर खड़ा कर चालक कागजात जांच कराने गया, तभी ट्रेलर में बैठा हेल्पर चाबी लगी हालत में वाहन लेकर फरार हो गया। चालक लौटकर आया तो ट्रेलर गायब मिला और हेल्पर का मोबाइल भी बंद था, जिस पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। घटना की जानकारी मिलते ही जिले में नाकेबंदी कर ट्रेलर की तलाश शुरू की गई। सघन चेकिंग के दौरान सक्ती जिले के टोल प्लाजा पर यातायात पुलिस ने संदिग्ध ट्रेलर को रोककर पकड़ लिया और सूचना कोतरारोड़ पुलिस को दी। पूछताछ में अपचारी बालक ने ट्रेलर चोरी करना स्वीकार किया, जिसके बाद ट्रेलर और लोहे का एंगल जब्त कर लिया गया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि जिले में संपत्ति संबंधी अपराधों पर कड़ी नजर रखी जा रही है और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित महतारी वंदन सम्मेलन में विधायक ने किया महिलाओं का अभिनंदन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,9 मार्च।** अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ के माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के मुख्य आतिथ्य में बस्तर में महतारी वंदन सम्मेलन का आयोजन किया गया और उन्होंने प्रदेश की नारी शक्तियों को संबोधित किया। इस अवसर पर पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा मातृशक्ति के सम्मान और सशक्तिकरण को समर्पित ÷महतारी वंदन सम्मेलन÷ का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में महिलाएं शामिल हुईं, जो केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित होकर आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं तथा योजनाओं की लाभार्थी बहनों को विधायक भावना बोहरा ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया और अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्री रोशन दुबे जी, जिला मंत्री श्री राघवेंद्र साहू जी, मंडल अध्यक्ष श्री नरेश साहू जी, श्री राजेंद्र साहू जी, मंडल महामंत्री श्री धरमपाल कौशिक जी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती राजकुमारी साहू जी, श्री महेंद्र धृतलहरे जी, पांडातराई नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सरिता सोनी जी, सहसपुर लोहारा जनपद अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा सिंह जी, श्री संतोष वैष्णव जी, श्री बसंत बोहरा जी, श्री तिलक सेन जी, श्री प्रदीप गोस्वामी जी, महिला मोर्चा की पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जल उत्सव पखवाड़ा एवं जल अर्पण दिवस का आयोजन किया गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,9 मार्च।** जिला कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा के निर्देश एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जिला कबीरधाम के कार्यपालन अभियंता श्री डी. एस. राजपूत के मार्गदर्शन में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन कबीरधाम के तत्वाधान में विकासखंड बोड़ला के ग्राम पंचायत कंटगीकला अंतर्गत ग्राम जुनवानी में जल जीवन मिशन के तहत जल उत्सव पखवाड़ा एवं जल अर्पण दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 08 मार्च से 22 मार्च 2026 तक आयोजित होने वाले जल उत्सव पखवाड़ा का शुभारंभ भी किया गया।कार्यक्रम का उद्देश्य जल जीवन मिशन अंतर्गत निर्मित नलजल योजना को ग्राम पंचायत को औपचारिक रूप से हस्तांतरित करना, योजना के संचालन एवं संधारण में ग्राम पंचायत तथा ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना, हर घर जल योजना की उपलब्धि का उत्सव मनाना तथा स्थानीय स्तर पर



योजना के स्वामित्व को प्रोत्साहित करना रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत ग्रामवासियों, स्कूली बच्चों, शिक्षकगण एवं विभागीय अधिकारियों द्वारा निकाली गई जागरूकता रैली से हुई। रैली के माध्यम से जल संरक्षण, स्वच्छ पेयजल एवं जल के विवेकपूर्ण उपयोग के संबंध में जनजागरूकता का संदेश दिया गया।इस दौरान जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामवासियों विशेषकर महिलाओं द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्मित परिसंपत्तियों जैसे पानी टंकी, बोर पंप, स्विच रूम तथा घरेलू नल कनेक्शनों का पूजा-अर्चना कर जलबंधन (पवित्र धागा) किया गया।कार्यक्रम में कला जत्था के माध्यम से जल जीवन मिशन, जल संरक्षण एवं जनभागीदारी का संदेश देते हुए लोकगीत, लोकनृत्य तथा नुक्कड़ नाटक की प्रभावी प्रस्तुति दी गई। इसके अतिरिक्त एफ.टी.के. किट के माध्यम से ग्राम के पेयजल स्रोतों की जल गुणवत्ता परीक्षण का प्रदर्शन कर ग्रामीणों को पानी की जांच की प्रक्रिया से अवगत कराया गया।लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों एसडीओ गोपाल प्रसाद ठाकुर और उप अभियंता टोमन लाल कुंजाम द्वारा जल जीवन मिशन एवं जल उत्सव पखवाड़ा कार्यक्रम के उद्देश्यों की जानकारी दी गई तथा ग्रामीणों को पेयजल स्रोतों की स्वच्छता बनाए रखने, जल के संरक्षण तथा नलजल योजना के संचालन-संधारण में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया गया।कार्यक्रम के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं ग्रामवासियों द्वारा जल संरक्षण एवं हर घर जल योजना के सफल क्रियान्वयन में सहयोग देने की सामूहिक शपथ भी ली गई। तत्पश्चात नलजल योजना से संबंधित हस्तांतरण दस्तावेज ग्राम पंचायत को औपचारिक रूप से सौंपे गए । ाग्राम पंचायत कंटगीकला को ग्राम जुनवानी की नलजल योजना के सफल संचालन-संधारण हेतु प्रमाण पत्र प्रदान किया गया तथा योजना के क्रियान्वयन में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए पंप ऑपरेटर श्री टीकेश्वर सेन को भी सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के अंत में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामवासियों द्वारा जल उत्सव पखवाड़ा जलरथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों, स्कूली बच्चों एवं विभागीय अधिकारियों के सहयोग से जल उत्सव पखवाड़ा एवं जल अर्पण दिवस का सफल आयोजन संपन्न हुआ।

**एक नजर**

### महिला दिवस पर सर्व ब्राह्मण समाज ने किया मातृशक्ति का सम्मान



**भिलाई, 9 मार्च।** राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर समाज की मातृशक्ति का सम्मान करते हुए शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रही महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्रीमती विभा झा तथा श्रीमती सविता त्रिपाठी को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव शशिकांत तिवारी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली इन महिलाओं का सम्मान करना समाज के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि ये विदुषी महिलाएं बड़े-बड़े विद्यालयों का सफलतापूर्वक संचालन करते हुए समाज को निरंतर मार्गदर्शन प्रदान कर रही हैं। महिलाएं समाज की रीढ़ होती हैं, उनमें अद्भुत शक्ति होती है जो किसी भी बाधा को दूर कर समाज को नई दिशा देने का कार्य करती हैं। महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष कनकलता दुबे ने कहा कि समाज द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम निश्चित रूप से समाज को नई दिशा देने का कार्य करेगा। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की सभी को शुभकामनाएं भी दीं।

इस अवसर पर शिक्षाविद मदन मोहन त्रिपाठी, कृष्णा देवी त्रिपाठी, के.के. झा, महिला प्रकोष्ठ प्रतिनिधि एवं सरपंच कनकलता दुबे, डॉ. विश्वनाथ पाणिग्रही, ईश्वरचंद त्रिपाठी, अध्यक्ष लक्ष्मीकांत तिवारी, शैल किरण मिश्रा, शीतल दुबे, काजल मिश्रा, दीपक मिश्रा, नरेश चौरे, अरविंद तिवारी, विनोद उपाध्याय, रमेश शर्मा, रूपेंद्र दुबे, ओमप्रकाश मिश्रा, दिनेश मिश्र, राकेश दुबे, बृजमोहन तिवारी, किशोर तिवारी, अतुल शर्मा, अनुपमा उपाध्याय, रीता चौबे, कविता मिश्र, राजेश शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग विशेष रूप से उपस्थित थे। संचालन महासचिव विनोद उपाध्याय तथा आभार प्रदर्शन ओमप्रकाश मिश्रा द्वारा किया गया।

## गुरुकुल पब्लिक स्कूल ने किया मातृशक्ति का सम्मान




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,9 मार्च।** गुरुकुल पब्लिक स्कूल, कवर्धा हमेशा अपने सामाजिक सरोकारों एवं भारतीय संस्कृति को ध्यान में रखते हुए विविध कार्यक्रमों का आयोजन करता है, जिससे विद्यालय के नन्हे मुन्ने ननिहाल उनसे प्रेरित हो सकें। इसी कड़ी में विद्यालय के सभागार में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का गरिमामय आयोजन किया गया। जिसमें नर्सरी कक्षा से उच्चतर कक्षाओं की शिक्षिकाओं का ही सम्मान नही किया गया अपितु विद्यालय के विभिन्न विभागों यथा मैस की दीदियों बस परिचारिका दीदीओं तथा परिचारिका दीदीओं का भी समवेत भाव से सम्मानित किया गया। मीडिया प्रभारी पीजीटी हिंदी डॉक्टर विजय कुमार शाही ने बतलाया कि शाला के प्राचार्य मनोज कुमार राय के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम के सम्माननीय अतिथि विद्यालय प्रबंधन समिति के वरिष्ठ पदाधिकारीगण थे। सर्वप्रथम शाला प्रबंधन समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी गण एवं वरिष्ठ शिक्षिकाओं के द्वारा माँ सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन- वंदन किया गया। प्राचार्य ने सभी का आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने इस आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज में मातृशक्ति का विशेष महत्व है। महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया रही हैं।इनका सम्मान करके गुरुकुल ने इनके प्रति अपना आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शिक्षिकाओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति दी गई जिसे सभी ने मुक्त कंठ से सराहा। शिक्षिकाओं एवं विद्यालय में कार्यरत दीदीओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए।इस विशेष अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष तथा अन्य पदाधिकारीगण ने सभी को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रदान करते आशा व्यक्त किया कि गुरुकुल नारी शक्ति की अप्रतिम प्रतिभा एवं समुचित मार्गदर्शन में अपने शैक्षिक व सांस्कारिक उद्देश्य को निश्चित ही प्राप्त करेगा ।



### पीएम शासकीय प्राथमिक शाला रूआबांधा भिलाई के छात्र - छात्राओं ने अक्षय पात्र फाउंडेशन सेक्टर-6 का दौरा किया

**उतई,9 मार्च (तछसं.)।** पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला रूआबांधा भिलाई की प्रधान पाठिका श्रीमती ज्ञानेश्वरी मिश्रा सहित अन्य शिक्षक- शिक्षिकाओं के साथ कक्षा 4 - 5 के विद्यार्थियों ने आज दिनांक 09/03/2026 को अक्षय पात्र फाउंडेशन की आधुनिक किचन का दौरा किया , जिसमें आधुनिक पाक कला और स्वच्छता से रूबरू हुए। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को करीब से समझना था। भ्रमण के दौरान छात्र - छात्राओं ने फाउंडेशन की स्वच्छता, विशाल भंडारण और अत्याधुनिक भोजन बनाने की प्रक्रिया (processing and packaging) को देखा । फाउंडेशन के कर्मचारियों द्वारा बच्चों के लिए पौष्टिक भोजन (पीएम पोषण कार्यक्रम) के बारे में जानकारी प्रदान की गई।अक्षय पात्र फाउंडेशन एक गैर लाभकारी संस्था है जो सरकारी विद्यालय के बच्चों को पौष्टिक मध्यान्ह भोजन (द्धद्बस्र day meal) उपलब्ध कराता है।

## क्रिकेट प्रेमियों के लिए सांकरा प्रीमियर लीग का आयोजन किया जा रहा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई,9 मार्च।** ग्राम सांकरा (अमलेश्वर) में क्रिकेट प्रेमियों के लिए सांकरा प्रीमियर लीग 2026 का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता स्कूल मैदान, ग्राम सांकरा, जिला दुर्ग (छत्तीसगढ़) में आयोजित होगी। आयोजन फुलेटेशन ग्राम सांकरा के तत्वावधान में किया जा रहा है, जिसमें क्षेत्र की टीमों को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है।

आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता में विजेता टीम को 1,00,000 रुपये एवं प्रतीक चिन्ह, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 50,000 रुपये, तृतीय स्थान पर रहने वाली टीम को 25,000 रुपये तथा चतुर्थ स्थान पर रहने वाली टीम को 20,000 रुपये एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान किए जाएंगे।

प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए टीम एंट्री फीस 20,000 रुपये तथा प्लेयर एंट्री फीस 800




रुपये (टी-शर्ट सहित) निर्धारित की गई है। प्रतियोगिता में केवल 10 टीमों और लगभग 150 खिलाड़ियों को ही अवसर दिया जाएगा।इसके साथ ही खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए विशेष आकर्षक पुरस्कार भी रखे गए हैं, जिसमें मैन ऑफ द सीरीज को 1500 रुपये, बेस्ट बॉलर, बेस्ट बैट्समैन और बेस्ट फील्डर को 1000-1000 रुपये दिए जाएंगे।आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन 100 प्रतिशत एंट्री शुल्क जमा होने के बाद ही किया जाएगा तथा सभी खिलाड़ियों को समिति द्वारा टी-शर्ट प्रदान की जाएगी। साथ ही आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों को भी प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर दिया जाएगा।इस प्रतियोगिता के संबंध में अधिक जानकारी के लिए संदीप निर्मल (मो. 9630442462), कांता ठाकुर (मो. 7489142393), सुरेंद्र विश्वकर्मा (मो. 6267444820) और चंदन पटेल (मो. 7067142920) से संपर्क किया जा सकता है।

## श्रीमन्मानस महायज्ञ प्रथम दिवस कलश यात्रा निकाल कर प्रायश्चित पूजन किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई,9 मार्च (तछसं.)।** पाटन ब्लाक के ग्राम नारायणपुर (घुघुवा क) में श्री मंगल मूर्ति मारुती यज्ञ सेवा समिति एवं समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से नव दिवसीय श्री मन्मानस महायज्ञ एवं श्रीमद् देवी भागवत कथा दिनांक 7 से 16 मार्च 2026 तक पूर्व वर्षों की भांति निरंतर आयोजित किया जा रहा है, जिसमें प्रथम दिवस के कार्यक्रम में यज्ञाचार्य बिरेंद्र शर्मा निवासी नेवनारा बेरला वाले एवं अन्य समस्त सहायक आचार्यों के उपस्थिति में मुख्य यजमान सपत्नीक कमलनारायण शर्मा जी द्वारा प्रायश्चित पूजन किया गया, तत्पश्चात ग्रामीण माताओं बहनों के



द्वारा कलश यात्रा निकाल कर ग्राम के मुख्य तालाब से जल भरकर ग्राम भ्रमण किया गया, जिसके बाद आचार्यगणों द्वारा वेदी स्थापना किया गया, आयोजक श्री मंगल मूर्ति मारुती यज्ञ सेवा समिति द्वारा सर्वसामान्य से करबद्ध अपील किया गया है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस पावन पुनीत नारायण धाम क्षेत्र में धार्मिक आयोजन में यथासंभव यथाशक्ति तन, मन, धन से सहयोग प्रदान कर पुण्य प्राप्ति करते हुए अपने जीवन को धन्य बनाएं।

## महिलाओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणी के विरोध में अंजोरा थाना के बाहर मजदूरों का प्रदर्शन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 9 मार्च।** अंजोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत अंजोरा चौकी में सोना बेवरेज प्राइवेट लिमिटेड के कर्मचारियों द्वारा प्रदर्शन किया गया। मजदूरों का आरोप है कि 14 फरवरी 2026 को कंपनी और मजदूरों के बीच हुए समझौते का कंपनी प्रबंधन द्वारा पालन नहीं किया जा रहा है। मजदूरों के अनुसार, समझौते के संबंध में चर्चा करने के लिए जब महिला कर्मचारियों द्वारा कंपनी के एचआर राकेश जैन से बातचीत की गई और यह पूछा गया कि महिलाओं को काम पर क्यों नहीं रखा जा रहा तथा पूर्व समझौते पर अमल क्यों नहीं किया जा रहा है, तब एचआर राकेश जैन द्वारा महिलाओं के संबंध में आपत्तिजनक टिप्पणी की गई। आरोप है कि उन्होंने कहा कि महिलाओं को कंपनी में रखने से कंपनी में कंडोम मिलता है, इसी कारण से महिलाओं को काम पर नहीं रखा जा रहा है। इस कथित अभद्र टिप्पणी के विरोध में कंपनी के मजदूर मोहन



साहू, सतीश साहू, राजकुमार ढीमर, प्रमिला देवी, अमरावती साहू, नेमिन निषाद, मीणा मानिकपुरी, सरोज सिन्हा, तुलसी देवदास, पुनाराम साहू सहित छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के महासचिव भीमराव बागड़े एवं फैक्ट्री में कार्यरत लगभग 40-50 मजदूर अंजोरा थाना चौकी पहुंचे। मजदूरों ने सोना बेवरेज के एचआर राकेश जैन के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और उनकी गिरफ्तारी की मांग को लेकर थाना परिसर के बाहर नारेबाजी की। पुलिस द्वारा प्रदर्शनकारियों को समझाइश दी गई और बताया गया कि पूर्व में अंजोरा चौकी में प्राप्त आवेदन पर मामले की जांच की जा रही है। चौकी प्रभारी एवं जांच अधिकारी ने मजदूरों को आश्वस्त किया कि जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मौके पर स्थिति शांतिपूर्ण बताई जा रही है।

## भ्रष्टाचार के आरोपी रहे लाखोटिया बंधुओं को सेल में प्रतिबंधित करने की मांग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 9 मार्च।** आचार्य नरेंद्र देव स्मृति जन अधिकार अभियान समिति ने भिलाई इस्पात संयंत्र में स्क्रैप रिकवरी की टेंडर प्रक्रिया में कथित रूप से भ्रष्टाचार के आरोपी रहे लाखोटिया बंधुओं की फर्म को शामिल किए जाने पर कड़ी आपत्ति जताई है। समिति के अध्यक्ष आर.पी. शर्मा ने इस संबंध में निदेशक प्रभारी चित्तरंजन महापात्रा को पत्र भेजकर बिंदुवार जानकारी देते हुए लाखोटिया बंधुओं को सेल-बीएसपी में प्रतिबंधित करने की मांग की है। अपने पत्र में शर्मा ने उल्लेख किया है कि वर्ष 2011-12 में भिलाई इस्पात संयंत्र में सामने आए भ्रष्टाचार के एक मामले में झारखंड के कथित प्रभावशाली ठेकेदार पवन



कुमार लाखोटिया और उनकी फर्म संदेह के दायरे में रही थी। उन्होंने बताया कि पिछले लगभग तीन दशकों से एमबीएल इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के निदेशक पवन कुमार लाखोटिया और इंटरनेशनल कॉमर्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्रीकुमार लाखोटिया की करीब 11 कंपनियां 'सेल' में पंजीकृत हैं और इन कंपनियों के माध्यम से बड़े पैमाने पर अनियमितताएं किए जाने के आरोप लगते रहे हैं। शर्मा ने पत्र में यह भी कहा है कि पवन कुमार लाखोटिया पर तत्कालीन सांसद ताराचंद साहू को रिश्वत देने का आरोप भी लग चुका है। इसके बावजूद वर्तमान में स्क्रैप रिकवरी के लिए जारी टेंडर प्रक्रिया में लाखोटिया बंधुओं की फर्म द्वारा भागीदारी किए जाने की जानकारी सामने आई है। दस्तावेजों के अनुसार लाखोटिया की फर्म को करोड़ों रुपये का काम दिया गया है। समिति ने मांग की है कि वर्तमान टेंडर प्रक्रिया को तत्काल निरस्त किया जाए तथा सामने आ रही अनियमितताओं की जांच कर उचित कार्रवाई की जाए। इसके बाद पूरी पारदर्शिता के साथ नई टेंडर प्रक्रिया जारी की जाए।

## विधायक के शक्ति कार्यक्रम में 22 हजार महिलाओं का सम्मान



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 9 मार्च।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन द्वारा विधायक की शक्ति योजना के अंतर्गत शांति नगर स्थित दशहरा मैदान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधानसभा क्षेत्र की लगभग 22 हजार महिलाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर विधायक द्वारा महिलाओं को सम्मानित कर स्मृति चिन्ह व विशेष उपहार प्रदान किए गए।

कार्यक्रम के दौरान विधायक रिकेश सेन ने शिक्षा, समाज सेवा, स्वरोजगार और अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को मंच से विशेष रूप से सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि महिलाएं समाज की वास्तविक शक्ति हैं और 'विधायक की शक्ति' योजना का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त, आत्मनिर्भर और सुरक्षित बनाना है। अपने संबोधन में विधायक सेन ने यह भी कहा कि पिछले दो वर्षों से कुछ असामाजिक तत्व उनकी हत्या की साजिश रच रहे थे, लेकिन वे इन चुनौतियों से डरने वाले नहीं हैं और जनता की सेवा के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को विधायक की ओर से स्मृति चिन्ह और उपहार भेंट किए गए। उपहार प्राप्त कर महिलाओं ने खुशी जताई और इस पहल को महिला सशक्तिकरण की दिशा में सराहनीय कदम बताया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रबुद्ध नागरिक और वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ देर शाम तक मैदान में उत्सव जैसा माहौल बना रहा।

## भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में महिलाओं की बढ़ रही भागीदारी:आभा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 9 मार्च।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रशासन एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा विशेष कार्यक्रम शक्ति 2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में निदेशक प्रभारी चित्तरंजन महापात्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जबकि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो अहमदाबाद के स्पेस एप्लीकेशंस सेंटर की वैज्ञानिक डा. आभा छाबड़ा विशिष्ट वक्ता के रूप में शामिल हुईं। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. विनीता द्विवेदी के संबोधन से हुई। उन्होंने कहा कि पेशेवर और सामाजिक जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के योगदान को पहचानना और प्रोत्साहित करना आज के




समय की आवश्यकता है। इस दौरान शक्ति क्विज़ का आयोजन उप प्रबंधक जनसंपर्क सुश्री शालिनी चौरसिया और उप प्रबंधक सुश्री सुष्मिता पाटला द्वारा किया गयाए जिसमें प्रतिभागियों ने भाग लिया। वहीं उप महाप्रबंधक सुश्री स्मिता जैन ने सेव स्टेडिली इन्वेस्ट वाइजली विषय पर प्रस्तुति देते हुए वित्तीय जागरूकता और जिम्मेदार निवेश के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण डॉण् आभा छाबड़ा का विशेष व्याख्यान रहा। उन्होंने विज्ञान शिक्षा चिकित्सा उद्योग और अंतरिक्ष अनुसंधान सहित विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि इसरो में 35 प्रतिशत से अधिक कार्यबल महिलाएं हैंए जो उपग्रह मिशनोंए प्रक्षेपण यानों और अनुसंधान परियोजनाओं में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। उन्होंने महिलाओं को प्रेरित करते हुए कहाए अलग सोचने का साहस करें और नए रास्तों को तलाशने का साहस करें। इस अवसर पर इस्पाती इरादे दृ द स्टिली स्ट्रेंथ ऑफ सेल विमेन शीर्षक से प्रकाशित महिला दिवस स्मारक पुस्तिका का विमोचन निदेशक प्रभारी चित्तरंजन महापात्राए डॉण् आभा छाबड़ा और संयंत्र के कार्यपालक निदेशकों द्वारा किया गया। अपने संबोधन में निदेशक प्रभारी चित्तरंजन महापात्रा ने कहा कि महिलाएं लंबे समय से परिवारए समाज और संस्थानों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रही हैं। उन्होंने अधिक समावेशी और समानतापूर्ण समाज के निर्माण की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि भिलाई इस्पात संयंत्र महिलाओं के लिए सुरक्षित और सहयोगात्मक कार्य वातावरण बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। क्विज़ प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार सुश्री निशा बाउल व सुश्री शादमा खानए द्वितीय पुरस्कार सुश्री नीरजा शर्मा व सुश्री शबनम श्वेताए तथा तृतीय पुरस्कार सुश्री एण् सुजाता व सुश्री शिखा ताम्रकार की टीम को मिला। लकी ड्रॉ के माध्यम से प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार भी प्रदान किए गए। संचालन उप महाप्रबंधक जनसंपर्क श्रीमती अपर्णा चंद्रा ने किया जबकि महाप्रबंधक प्रभारी संजीव श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

## एक नजर

### उपार्जित धान में मिलावट पर प्रशासन सख्त,जांच टीम पहुंची उपार्जन केंद्र,दोषियों के विरुद्ध होगी कड़ी कार्रवाई



**बलौदाबाजार 9 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सिमगा विकासखंड अंतर्गत उपार्जन केन्द्र कामता एवं विकासखंड भाटापारा अंतर्गत उपार्जन केन्द्र निपानिया में उपार्जित धान में कंकड़, मिट्टी मिलाए जाने से सम्बधित वीडियो का जिला प्रशासन द्वारा संज्ञान में लेकर कार्यवाही शुरू कर दिया गया है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार जांच टीम गठित कर दी गई है। जांच में दोषी पाए जाने पर सबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त सहकारिता उमेश गुप्ता ने बताया कि जांच टीम रविवार को उपार्जन केन्द्र निपानिया और कामता जांच हेतु पहुंची है। टीम द्वारा जांच उपरांत रिपोर्ट के अनुसार जो भी दोषी होंगे उन्हें बक्शा नहीं जाएगा। नियमों के उल्लंघन पर जिला प्रशासन सख्त है और लारपरवाही बरतने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया की दोनों उपार्जन केन्द्र प्रभारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर इस पर स्पष्टीकरण मांगा गया है।

### सिख यूथ वेलफेयर सोसायटी ने टी-20 विश्व कप फाइनल मैच को बड़े परदे पर लाइव दिखाने की व्यवस्था की



**डोंगरगढ़ 9 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सिख समाज की युवा टीम जोड़ मेला सिख यूथ वेलफेयर सोसायटी, डोंगरगढ़ द्वारा भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेले गए टी-20 विश्व कप फाइनल मैच को स्थानीय महाराजा रणजीत हॉल परिसर में बड़े परदे पर लाइव दिखाने की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर सिख समाज डोंगरगढ़ के युवा, महिलाएं और वरिष्ठजन सहित शहर के अन्य नागरिक भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने पारिवारिक माहौल में एक साथ बैठकर इस विश्व कप फाइनल मुकाबले का रोमांचक आनंद लिया और भारतीय टीम की ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाया। आयोजन के दौरान टीम जोड़ मेला की ओर से उपस्थित जनों के लिए चाय-नाश्ते की भी व्यवस्था की गई थी। जैसे ही भारतीय टीम ने इस ऐतिहासिक मुकाबले में जीत दर्ज की, हॉल परिसर ÷भारत माता की जय÷ के जयकारों से गूंज उठा। जीत की खुशी में जमकर आतिशबाजी की गई तथा ढोल-नगाड़ों की धुन पर उपस्थित लोग खुशी से झूम उठे। इस अवसर पर टीम जोड़ मेला, डोंगरगढ़ ने इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बनने वाले सभी उपस्थित जनों का आभार व्यक्त करते हुए आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी लोगों का धन्यवाद किया।

### जिला न्यायालय बालोद में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को किया गया सम्मानित

**बालोद, 9 मार्च ।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय बालोद में 08 मार्च 2026 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें जिला एवं बाह्य न्यायालयों के महिला न्यायिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मुख्य अतिथि श्री श्यामलाल नवरत्न द्वारा समस्त उपस्थित महिला न्यायिक अधिकारियों एवं महिला कर्मचारियों को महिला दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि आज का दिन समानता के लिये संघर्ष कर रहे नारी शक्ति का सम्मान करने और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिये मनाया जाता है। यह दिन महिलाओं के प्रति सम्मान, प्रशंसा और स्नेह प्रकट करने का अवसर है। शास्त्रों में भी कहा गया है कि जहाँ नारियों की पूजा होती है, वहाँ देवताओं का वास होता है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा में माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवल कर किया गया। इस अवसर राष्ट्रगान तथा राज्यगीत ''अरपा पैरी के धार'' भी सम्मान के साथ महिला कर्मचारियों के द्वारा प्रस्तुत किया गया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सतप्रीत कौर छाबड़ा, श्रीमती श्रद्धा सिंह श्रीवास्तव, न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं श्रीमती अंगेश्वरी गोस्वामी, स्टेनोग्राफर द्वारा संबोधन प्रस्तुत किया गया। महिला न्यायिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा इस मौके पर गीत, कविता, हास्य एवं नाट्य की प्रस्तुति की गई। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, एफटीसी श्री ताजुद्दीन आसीफ ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शुभकामनायें देते हुए कहा कि 08 मार्च को दुनिया भर में इंटरनेशनल विमेंस डे मनाया जाता है। यह दिन महिलाओं की उपलब्धियों, संघर्षो और समाज में उनके योगदान को सम्मान देने के लिये हैं। इस अवसर पर उपस्थित योग ट्रेनर डॉ. रंजिता उपाध्याय ने योग के महत्व को रेखांकित करते हुए महिलाओं को योग करने हेतु प्रेरित किया तथा योग के टिप्स भी बताये। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री संजय कुमार सोनी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कु. भारती कुलदीप, सचिव, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, डौंडीलोहारा सतप्रीत कौर छाबड़ा, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, दल्लीराजहरा श्रीमती श्रद्धा सिंह श्रीवास्तव आदि के द्वारा किया गया।

# शिवाजी वार्ड-23 को मिली विकास कार्यों की सौगात

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**डोंगरगढ़ 9 मार्च।** नगर पालिका वार्ड नं 23 में वार्डवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग की स्वीकृति के बाद आज भूमिपूजन किया गया सर्वप्रथम पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने डिपरपारा स्थित 12 ज्योतिर्लिंग भगवान की पूजा अर्चना कर वार्डवासियों के साथ विकास कार्यो की भूमिपूजन किया साथ ही बताया कि वार्ड पार्षद सुमित ताम्रकार एवं पूर्व पार्षद श्रीमती शालिनी ताम्रकार के प्रयासों से कार्य की स्वीकृति प्राप्त हुई है जिसमें प्रमुख कार्य डबरी के चारों ओर नाली निर्माणगज्जी लोहार के घर के सामने रोड निर्माण,स्व.भुवन यादव जी के घर से नाला तक रोड निर्माण कार्य,डबरी में सामुदायिक भवन निर्माण की स्वीकृति प्राप्त हुई है डबरी सौंदर्यीकरण के दिशा में प्रयास लक्ष्य डबरी को साफ करना,जमा कचरा,कीचड़,अन्य अपशिष्ट पदार्थों को हटाना, डबरी के किनारे पौधे लगाना, आस पास के जगह को बेहतर बनाना,पेड़ पौधे लगाकर हरा भरा करना, डबरी के आसपास के जगह को समतल कर फुटपाथ बनाना बेंच लगाना, डबरी को आकर्षक बनाना,मॉर्निंग वॉक,इवनिंग वॉक,योग प्वाइंट,लाइटिंग तथ्यों को जोड़ना,धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों के साथ मनोरंजन के लिए अच्छा स्थान तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे,मंडल अध्यक्ष जसमीत बन्नोआना, उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा,सभापति अमित जैन,महामंत्री विनय बंसल,विनीत यादव,सुमित मिश्रा,लक्ष्मी बाई धनुरकर,सौहाद्र सिन्हा,नीता परिहार ,गायत्री धुर्वे,श्रीमती विजयवार,रिकी राम ठाकुर,सुभाष धनुरकर,प्रकाश धनुरकर,श्रीचंद यादव, खेदु लाल उइके, नारद पटेल,पंचू यादव,बोधि साहू, धरमदास साहू, बी के सहारे,कमलेश विजयवार,चंद्र शेखर विजयवार,सचिन वर्मा,पवन वर्मा,नंद वर्मा,गोबिंद सोनी,राजेश वर्मा,नरेंद्र वर्मा,मिथलेश यूके,महेश यादव,हेमंत मांडवी,विकास सहारे,राजकुमार पटेल,राजू पटेल,राजेश गोस्वामी,मुन्ना काका,गणेश यादव,शेखर विश्वकर्मा,अक्षय यदु,समस्त वार्डवासी उपस्थित रहे।

### बलौदाबाजार के आडिटोरियम में महिला दिवस पर महिला सम्मेलन का आयोजन कर

# लखपति दीदी,स्वच्छता दीदी,आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं का सम्मान किया

- महतारी वंदन योजना की 25 वीं किश्त की राशि का अंतरण
- राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत महिलाओं को ऋण का चेक दिया गया।

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बलौदाबाजार 9 मार्च।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को जिला ऑडिटोरियम बलौदाबाजार में वृहद महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा सहित विशिष्ट अतिथियों के द्वारा भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर सम्मलेन का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर लखपति दीदी, स्वच्छता दीदी,खेल प्रतिभाओं, जल संचय वाहिनी,आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं का सम्मान किया गया। इसके साथ ही राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत समूह की महिलाओं को ऋष्ठ राशि का चेक, छत्तीसगढ़ महिला कोष अंतर्गत 13 महिलाओं को चेक वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य में जगदलपुर में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम के जीवंत प्रसारण को देखा गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री साय ने महतारी वंदन योजना की 25 वीं किश्त की राशि बैंक खातों में अंतरित किया।

राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनायें देते हुए कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है, उनकी उपलब्धियों से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गौरव हासिल हुआ है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार महिलाओं के सम्मान और उनके उत्थान के लिये वचनबद्ध है। अभी महिलाओं ने बताया कि सरकारी योजना का लाभ लेकर कैसे अपना जीवन बदला, किस प्रकार की व्यवस्था महतारी वंदन की राशि से शुरू किया। उन्होंने कहा हमारी सरकार महिलाओं को सशक्त करने का काम कर रही है चाहे उज्वला गैस,नल जल, स्वच्छता, पक्का घर आदि की सुविधा देने की बात हो। उन्होंने कहा कि माताएं बच्चों को शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार भी दें ताकि वे एक अच्छे नागरिक बने। जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल ने कहा कि आज की महिलाएं गृहस्थी संभालने के साथ ही प्रसाशनिक, तकनीकी एवं राजनीती के क्षेत्र में भी परचम लहरा रही हैं। महिला दिवस केवल महिलाओं के सम्मान तक ही सीमित नहीं हैं बल्कि मजबूत और सशक्त नारी की पहचान भी हैं।

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने कहा कि जिला प्रशासन महिला सशक्तिकरण के लिये हमेशा प्रयासरत हैं। जिले में महतारी वंदन योजना से 3 लाख 30 हजार महिलाएं लाभान्वित हो रही हैं। 25 वीं किश्त की राशि 30 करोड़ आज उनके खाते में राज्य शासन द्वारा अंतरित किया गया है। कार्यक्रम को नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम के दौरान योजनाओं का लाभ लेकर जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाली मेहनतकश महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किये। इनमे हेमलता वर्मा, रखी ध्रुव, सुनीता कर्माकर शामिल हैं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन साहु, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, भारत स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, जनपद उपाध्यक्ष सुमन वर्मा, डीएफओ गणवीर धम्मशील, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी- कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नारीशक्ति उपस्थित थे।

# राज्यपाल नें 'जीएसटीएटी लिटिगेशन गाइड' ई-पुस्तक का किया विमोचन

**रायपुर, 9 मार्च।** राज्यपाल श्री रमेन डेका ने गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स अपीलेट ट्रिब्यूनल पर केंद्रित ई-पुस्तक 'जीएसटीएटी लिटिगेशन गाइड' का विमोचन किया। यह डिजिटल कृति देशभर के करदाताओं, अधिवक्ताओं तथा कर-प्रशासकों को समर्पित है और सारस्वत एसोसिएट्स के वेब-पोर्टल www.cggst.com पर निःशुल्क उपलब्ध कराई गई है।

यह ई-पुस्तक अधिवक्ता विवेक सारस्वत द्वारा लिखी गई है, जिन्हें छत्तीसगढ़ राज्य अलंकरण 2022 तथा बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। इस पुस्तक के सह-लेखकों में अधिवक्ता बीना सिंह गौतम, आस्था तिवारी और प्रियांश शर्मा का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। राज्यपाल श्री रमेन डेका ने पुस्तक की भूमिका में कहा कि न्याय तक पहुँच किसी भी लोकतांत्रिक गणराज्य की आधारशिला है और विधि-व्यवस्था उसकी सबसे महत्वपूर्ण संस्थाओं में से एक है। उन्होंने कहा कि त्रस्ञ्ञ की स्थापना भारत की राजकोषीय न्याय प्रणाली में एक ऐतिहासिक कदम है, जो करदाताओं को विशेषज्ञ, व्यवस्थित और समयबद्ध न्यायिक समाधान उपलब्ध कराने में सहायक होगी। उन्होंने बताया कि यह मार्गदर्शिका ष्ट्रस्ञ्ञ अधिनियम 2017, ष्ट्रस्ञ्ञ (प्रक्रिया) नियम 2017 तथा जीएसटीएटी (प्रक्रिया) नियम 2025 के प्रावधानों को स्पष्ट और सरल तरीके से प्रस्तुत करती है। साथ ही इसमें पूर्व-जमा की गणना, अंतरवर्ती आवेदन और ई-फाइलिंग पोर्टल जैसे जटिल विषयों पर चरणबद्ध मार्गदर्शन दिया गया है।



**पुस्तक की विशेषताएँ**

'जीएसटीएटी लिटिगेशन गाइड' में त्रस्ञ्ञ से संबंधित विधिक प्रक्रिया के प्रमुख पहलुओं को सरल और व्यवस्थित रूप में प्रस्तुत किया गया है। इसमें—

* जीएसटीएटी अधिनियम 2017 के प्रावधानों की विस्तृत व्याख्या
* जीएसटीएटी (प्रक्रिया) नियम 2025 का सरल विश्लेषण
* पूर्व-जमा की गणना की प्रक्रिया
* अंतरवर्ती आवेदन की जानकारी
* ई-फाइलिंग पोर्टल के उपयोग की संपूर्ण जानकारी
* चरणबद्ध व्यावहारिक मार्गदर्शन

शामिल हैं। सहज भाषा, व्यवस्थित संरचना और व्यावहारिक दृष्टिकोण के कारण यह ई-पुस्तक विधि-जगत के लिए एक उपयोगी संदर्भ सामग्री साबित हो सकती है। ई-पुस्तक www.cggst.com वेबसाइट पर निःशुल्क उपलब्ध है।

### महतारी वंदन योजनाः प्रदेश की महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता की नई उड़ान

**बालोद, 9 मार्च ।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ में महिला सशक्तिकरण का एक नया अध्याय लिखा गया। प्रदेशभर में आयोजित महिला सम्मेलन में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने वर्चुअल माध्यम से प्रदेश की 68 लाख से अधिक महिलाओं को शुभकामनाएँ देते हुए उनके खातों में 641 करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे अंतरित की। यह राशि महतारी वंदन योजना की 25वीं किश्त के रूप में जारी की गई है, जिसने प्रदेश की लाखों महिलाओं के जीवन में खुशहाली और आत्मविश्वास का संचार किया है। सम्मेलन के दौरान बालोद जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों से आईं महिलाओं ने अपनी खुशियाँ साझा कीं, जो यह दर्शाती हैं कि यह योजना केवल एक आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि महिलाओं के सपनों को पंख देने का माध्यम बन गई है। अर्जुंदा की टिकेश्वरी साहू के लिए यह योजना वरदान साबित हुई। शादी के बाद आर्थिक तंगी के कारण वे अपना पीजीडीसीए कोर्स पूरा नहीं कर पा रही थीं। महतारी वंदन योजना से मिलने वाली राशि का संचय कर उन्होंने अपनी पढ़ाई पूरी की।

# खेलकूद प्रतियोगिता में महिलाओं ने उत्साह से हिस्सा लिया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ 9 मार्च।** मेरा युवा भारत राजनांदगांव (युवा कार्यक्रम एवम् खेल मंत्रालय , भारत सरकार ) द्वारा अस्मिता लीग के अन्तर्गत खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें जिले के महिला खिलाडियों ने बढ़ चड़कर हिस्सा लिया । कार्यक्रम का उद्देश्य महिला दिवस को भव्य रूप से आयोजित करना था साथ ही खेल के माध्यम से महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी फैलाना था । यह कार्यक्रम अस्मिता लीग के अन्तर्गत देश के 250 शहरों में आयोजित किया गया जिसमें राजनांदगांव जिले के युवतियों/ महिलाओं ने बढ़ चडकर भाग लिया । कार्यक्रम में 100 मीटर दौड़ , 200 मीटर दौड़ , 400 मीटर दौड़ , रस्सा-कसी , चम्मच दौड़ , स्लो साइकिलिंग , मुसिकल चैर जैसे गतिविधियां आयोजित की गई थी । दौड़ में 3 वर्ग 13 वर्ष से नीचे , 13-18 वर्ष एवम् 18 वर्ष से अधिक ऐसे तीन आयु वर्ग में कार्यक्रम आयोजित किए गए । विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और मेडल देके सम्मानित किया गया । स्वा सहायता समूह से महिलाओं का सम्मान भी महिला दिवस के उपलक्ष में किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय श्री मधुसूदन यादव जी , महापौर राजनांदगांव उपस्थित रहे उन्होंने सभी युवाओं का मार्गदर्शन किया और महिला दिवस के अवसर पर सभी को शुभकामनाए दी । साथ ही कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती मोनिका दास जी , जिला संगठक , राष्ट्रीय सेवा योजना उपस्थित रहे । कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण और खेलों इंडिया लघु हॉकी केंद्र का बहुमूल्य योगदान रहा । साई के तरफ से श्री पंकज पांडेय जी , श्री प्रदीप शर्मा जी , श्री सुखदेव राउत जी उपस्थित रहे । खेलों इंडिया लघु हॉकी केंद्र से श्री कृष्ण यादव उपस्थित रहे । माय भारत के तरफ से श्री तपन साहू , लेखा एवं कार्यक्रम सहायक , श्री गोविंद साहू , श्री तेजस्वी वर्मा , श्री लोकेश यादव एवम् अन्य स्वयंसेवक उपस्थित रहे ।

### सुधर्म में हुआ 27 वें शाश्वत महामंत्र नवकार का जाप



**रायपुर 9 मार्च।** भैरव सोसायटी स्थित सुधर्म भवन में नवकार जाप ग्रुप व श्री सुधर्म जैन श्रावक संघ के संयुक्त तत्वावधान में रविवार 08 मार्च 2026 को 27 वें नवकार महामंत्र जाप का अनुष्ठान सकल जैन समाज की सहभागिता के साथ संपन्न हुआ। जानकारी देते हुए वीरेंद्र डागा ने बताया कि जाप में विशेष रहा सहभागी आराधकों ने जाप के साथ समता की साधना सामायिक का लाभ भी लिया जिससे जाप स्थल अनुष्ठानमय-समतामय हो गया। नवकार जाप ग्रुप द्वारा आयोजन समिति व महिला समिति का अभिनंदन नवकार अंकित फ्रेम भेंट कर किया गया। जाप में विशेष रूप से आशीष जैन, कमलेश ललवानी, अनिल बरडिया, वीरेंद्र डागा, दीपक कवाड़, विनय गोलछा, जयेश बोहरा, अंकित बाफना की सहभागिता रही।

### मारपीट कर गंभीर चोट पहुंचाने वाला फरार 6 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 9 मार्च।** प्रार्थी अजय ध्रुव निवासी ग्राम खटियापाटी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 17.10.2025 को सायं लगभग 07:30 बजे ग्राम खटियापाटी पंचायत भवन के सामने आरोपियों द्वारा मोटरसाइकिल एवं स्कूटी से आकर हत्या करने की नीयत से हाथ मुक्का, लाठी डंडे, लोहे के राड एवं चाकू से मारपीट कर गंभीर चोट पहुंचाए हैं। कि रिपोर्ट पर अपराध क्र. 1032/2025 धारा 190,191(2),191(3),109(1),61(2) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना कारित करने के पश्चात सभी आरोपी फरार हो गए थे, जिनकी सरगर्मी से पता तलाश की जा रही थी। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता द्वारा प्रकरण के फरार आरोपियों को गिरफ्तार करने हेतु थाना सिटी कोतवाली प्रभारी को निर्देशित किया गया। उक्त निर्देशों के परिपालन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपियों के निवास स्थान एवं अन्य ठिकानों पर दबिश देते हुए प्रकरण में संलिप्त 06 आरोपियों को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा पुराने वाद विवाद एवं रंजिश पर से प्रार्थी के साथ हाथ मुक्का, राड, चाकू आदि से मारपीट करते हुए उसे गंभीर चोट पहुंचाना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में सभी आरोपियों को आज दिनांक 08.03.2026 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

### महतारी वंदन योजना से आत्मनिर्भर हुई सविता वर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार - भाटापारा, बलौदाबाजार 9 मार्च।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में संचालित महतारी वंदन योजना ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं के लिए स्वावलंबन का नया आधार बन रही है। इसी कड़ी में जिले के ग्राम पैंजनी की निवासी सविता वर्मा ने योजना का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बन गई है। सविता वर्मा ने योजना में प्रति संतोष व्यक्त करते हुए बताया कि उन्हें महतारी वंदन योजना की 25वीं किश्त के रूप में एक हजार रुपए की राशि प्राप्त हो चुकी है। सविता का कहना है कि हर महीने बैंक खाते में आने वाली यह राशि उनके आत्मविश्वास को बढ़ाती है। इस राशि का सदुपयोग वे अपनी घरेलू जरूरतों और छोटी-छोटी आवश्यकताओं को बिना किसी पर निर्भर रहे पूरा करने में कर रही हैं, जिससे उनकी गृहस्थी का बोझ काफी कम हुआ है। सविता वर्मा ने प्रदेश की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की इस सार्थक पहल के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का हृदय से आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि सरकार की इस योजना ने महिलाओं के हाथों में सीधे पैसे पहुँचाकर उन्हें घर-परिवार के निर्णयों में अधिक सक्षम बनाया है और समाज में महिलाओं की गरिमा को नई ऊँचाई प्रदान की है।




## सच का पता जनता को चल ही जाता है

झूठ निराधार होता है, इसलिए उसकी पोल आखिर में खुल जाती है और सच सामने आ जाता है। झूठ के आधार पर राजनीति करने वालों फजीहत का सामना करना पड़ता है और सच का पता जनता को चल जाता है कौन मजबूत पीएम और कौन कमजोर विपक्षी नेता। सही बात तो यह है कि कमजोर तो वह होता है जो झूठ का सहारा लेता है और मजबूत तो वह होता है जो सच की राह पर होता है। सच की राह पर चलने वालों को झूठों के कारण कुछ दिनों की परेशानी होती है लेकिन जब सच सामने आता है तो झूठ की राह पर चलने वालों को मुंह छिपाना पड़ता है, झूठ कहने के लिए बहाने बनाने पड़ते हैं और सच की राह पर चलने वालों को सच की राह पर चलने की इनाम मिलता है, जब चुनाव में जनता को सच और झूठ की राजनीति करने वालों में किसी एक को चुनने का मौका आता है तो जनता सच की राजनीति करने वालों को चुनती है। पीएम मोदी के खिलाफ कांग्रेस दस साल से झूठ की राजनीति किए जा रही है कि उसे कभी तो फायदा होगा,वह भूल गई है कि झूठ की राजनीति करने वालों को कभी फायदा नहीं होता है क्योंकि जनता एक बार उनको पहचान जाती है तो फिर उसकी किसी बात पर जनता भरोसा नहीं करती है। हर मामले में कांग्रेस एक नया झूठ लेकर आ जाती है और उम्मीद करती है कि जनता इस पर जरूर यकीन करेंगी लेकिन उसे हर बार निराश होना पड़ता है क्योंकि इधर वह झूठ कहती है और कुछ देर बार ही उसके झूठ की पोल खुल जाती है। अब अखबार व रेडियो का जमाना नहीं है कि सच को सामने आने में कई दिन लग जाएं अब तो सोशल मीडिया व डिजिटल मीडिया का जमाना है इधर आपने झूठ कहा और कुछ मिनट में झूठ की पोल खोल दी जाती है और बता दिया जाता है कि कांग्रेस झूठ बोल रही है सच तो यह है। कांग्रेस तो दस साल पीएम मोदी को कमजोर पीएम बताने का प्रचार कर रही है लेकिन दस साल में पीएम मोदी और मजबूत पीएम के रूप में उभर कर सामने आए हैं। कांग्रेस दस साल के मनमोहन सिंह के समय पाकिस्तान को आतंकवाद के मुद्दे पर कभी किसी तरह की कार्रवाई नहीं की थी। उल्टे यह सचाई सामने आई थी कि सेना तो पाकिस्तान को आतंकवादी हमले के मामले में कार्रवाई करने को तैयार थी लेकिन पीएम व सरकार ने हिम्मत नहीं कि देश का मुसलमान नाराज हो जाएगा। पीएम मोदी ने एक नही तीन बार आतंकवाद के मामले पर पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई की इससे उनकी मजबूत पीएम की छवि देश में बनी तो यह कांग्रेस को सहन नहीं हो रही है। वह कभी चीन जैसे शक्तिशाली देश के सामने पीएम मोदी तो कभी अमरीका के राष्ट्रपति के सामने खड़ाकर कमजोर पीएम साबित करने का प्रयास करती आ रही है।कभी वह कहती है कि गलवान में हमारे सैनिक पिट रहे थे तो कभी वह कहती है कि पीएम ने समय पर सही निर्णय नहीं किया। आपरेशन सिंदूर के समय पूरा विश्व जानता है कि पाकिस्तान के कहने पर सैन्य कार्रवाई रोकी गई थी लेकिन कांग्रेस ने यह झूठ फैलाने का प्रयास किया कि पीएम मोदी ने ट्रंप के कहने पर सैन्य कार्रवाई रोक दी। ट्रंप के सामने पीएम मोदी ने सरेंडर कर दिया। अमरीका व भारत के बीच ट्रेड डील होने वाली है तो कांग्रेस ने झूठ कहा कि डील के मामले में पीएम मोदी ने ट्रंप के सामने सरेंडर कर दिया। हकीकत यह है कि ट्रंप ने टैरिफ कम करने भारत की महत्ता की स्वीकार किया है। ट्रंप तो कुछ भी कहते रहते हैं, उनकी बातों पर कोई भरोसा नहीं करता है लेकिन कांग्रेस उनकी उन बातों पर भरोसा करती है जिससे मोदी की आलोचना की जा सके लेकिन ट्रंप के पलट जाने से हमेशा कांग्रेस की ही फजीहत होती है। हाल ही में ट्रंप ने कह दिया कि अमरीका ने विश्व में युध्द के कारण पैदा होने वाली स्थिति को देखते हुए भारत को रूस से एक माह तेल खरीदने की अनुमति दी है तो कांग्रेस को मौका मिल गया कहने की कि अमरीका कौन होता है भारत को अनुमति देने वाला। हकीकत यह है कि भारत को किसी से तेल खरीदने के लिए किसी की अनुमति की जरूरत न पहले थी और न आज हैं लेकिन युध्द चल रहा हो तो युध्तरत देशों से बात तो करनी पड़ती है तेल की निर्बाध आपूर्ति के लिए। यही भारत ने किया है और ईरान व अमरीका को इसके लिए सहमति जताई है कि भारत को तेल आपूर्ति बाधित नहीं होने दी जाएगी। यह काम पीएम मोदी ने किया है और यह काम मजबूत पीएम ही कर सकता है।

विदेश


# विश्व में अशांति का ठेका और नोबल शांति पुरस्कार की इच्छा ?

**तनवीर जाफ़री**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ज़िद,सनक और हठधर्मी ने इस समय लगभग पूरी दुनिया को एक ख़तरनाक युद्ध में झोंक दिया है। अमेरिका व इस्राईल द्वारा अकारण ईरान पर थोपा गया एक ऐसा युद्ध जिसके अंजाम को लेकर विश्व के बड़े बड़े सामरिक विशेषज्ञ भी कोई भविष्यवाणी कर पाने में असमर्थ हैं। ईरान, इस्राईल और अमेरिका के बीच चल रहे इस युद्ध की लपटें फ़िलहाल मध्य पूर्व से भी आगे तक फैल चुकी हैं। लगभग 20 से अधिक देश इस युद्ध से प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित हो चुके हैं। गत 28 फ़रवरी से शुरू हुये इस युद्ध में अब तक हज़ारों निर्दोष लोगों की मौतें हो चुकी हैं। इसी युद्ध के परिणाम स्वरूप जहाँ ईरान ने अपने सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली ख़ामनेई को खो दिया है वहीँ युद्ध छिड़ने के पहले ही दिन यानी 28 फ़रवरी की सुबह को ही ईरान के दक्षिणी शहर मिनाब में अमेरिका और इस्राईल ने शाज़ारे तैय्यबह गर्ल्स प्राइमरी स्कूल पर उस वक़्त हमला किया जब बच्चियां अपने अपने क्लास में पढ़ रही थीं। इस हमले में 175 तक छात्राएं मारी गयीं जिनमें अधिकांश की उम्र 7-12 साल की थी। स्कूल का दो मंज़िला भवन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा ईरान पर थोपा गया यह युद्ध किसी न किसी रूप में कुवैत इराक़ ,बहरीन,सऊदी अरब, यूएई, ओमान, क़तर, जॉर्डन, तुर्की,अज़रबैजान,साइप्रस व यमन तक पहुँच गया है। यहाँ तक कि भारत - श्रीलंका के समुद्रीय क्षेत्र में भी अमेरिकी पनडुब्बी ने समुद्री हमला कर भारत में अतिथि के रूप में आये ईरान के एक नेवल जहाज़ को डुबो दिया है। अमेरिका-इस्राईल की इन सैन्य कार्रवाइयों से जहाँ पूरे विश्व की ऊर्जा ज़रूरतों के प्रभावित होने की संभावना है वहीं बढ़ते तेल संकट और विभिन्न हवाई क्षेत्र बंद होने से भी इस युद्ध का वैश्विक प्रभाव पड़ा है। पूरे विश्व में दिनोंदिन फैलती जा रही इस अशांति के सबसे बड़े ज़िम्मेदार केवल अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप उनकी हठधर्मिता उनकी सनक व ज़िद को माना जा रहा है। जी हाँ, यह वही ट्रंप हैं जो अपने आप को 'स्वयंभू विश्व शांति दूत ' समझते हैं और विश्व का सबसे प्रतिष्ठित समझा जाने वाला नोबल शांति पुरस्कार पाने हेतु हमेशा लालायित नज़र आते रहे हैं। उन्होंने समय समय पर न केवल नोबल शांति पुरस्कार प्राप्त करने की इच्छा कई बार सार्वजनिक रूप से व्यक्त की है बल्कि इसके लिए सक्रिय रूप से प्रयास भी किए हैं। वे स्वयं को इस पुरस्कार के योग्य समझते हुये कहते भी रहे है कि "मैं इसका हक़दार हूं" I ट्रंप ने तो 2017-2021 के अपने पहले कार्यकाल से ही नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने की इच्छा जतानी शुरू कर दी थी। जोकि उनका दूसरा कार्यकाल आते आते 2025 में और अधिक तीव्र हो गई। अपने इस दावे के पक्ष में वे अपने शासनकाल की अमेरिकी विदेश नीति के फ़ैसलों को पेश किया करते थे। हालांकि ट्रंप कई अवसरों पर यह भी कह चुके हैं कि वे नोबल शांति पुरस्कार के हक़दार तो ज़रूर हैं परन्तु उन्हें लगता है कि इस पुरस्कार का निर्णय करने वाली नॉर्वेजियन नोबल कमेटी यह पुरस्कार उन्हें कभी नहीं देगी। जबकि 2025 में तो ट्रंप ने संयुक्त राष्ट्र की सभा में यह कहा था कि "हर कोई कहता है कि मुझे नोबल शांति पुरस्कार मिलना ही चाहिए।"

हद तो यह है कि ट्रंप ने इस पुरस्कार के लिये इस तरह की बातें कीं यहाँ तक कि अपने असहज करने वाले बयानों से नोबल कमेटी पर इसके लिये दबाव बढ़ाने की कोशिश की जो नोबेल शांति पुरस्कार के इतिहास में इसके पहले किसी भी दावेदार द्वारा नहीं की गयी। उदाहरण के तौर पर एक बार उन्होंने अमेरिकी सैनिकों से बातचीत के दौरान कहा कि "वे (नॉर्वेजियन नोबेल कमिटी) इसे किसी ऐसे व्यक्ति को देंगे जिसने कुछ नहीं किया, लेकिन मुझे नहीं देंगे, जबकि मैं इसके योग्य हूं।" इसके अलावा ट्रंप ने नॉर्वे के वित्त मंत्री जेन्स स्टोल्टेनबर्ग जोकि पूर्व नाटो प्रमुख भी हैं, को फ़ोन कर यह पुरस्कार हासिल करने के लिए लॉबिंग की। उन्होंने 2025 में इस्राईली बंधकों के परिवारों से भी उन्हें पुरस्कार देने की अपील कराई। ट्रंप को इस्राईली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू व पाकिस्तान द्वारा इस पुरस्कार हेतु नामांकन भी कराया गया। ट्रंप स्वयं को विश्व शांतिदूत इसलिये समझते थे कि उनका दवा था कि उन्होंने विश्व में 8 युद्ध समाप्त किए। इन दावों के समर्थन वे इस्राईल और हमास के बीच गज़ा युद्ध में सीज़ फ़ायर डील, रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने की कोशिशें, इस्राईल -ईरान, भारत-पाकिस्तान, थाईलैंड-कंबोडिया, और अज़रबैजान-अल्बानिया के बीच संघर्ष रुकवाने जैसे दावे करते रहे हैं। हालांकि इनमें से कई दावे हास्यास्पद भी हैं। क्योंकि इनमें से कई जगह या तो युद्ध अभी भी जारी हैं या फिर इनमें अमेरिका (ट्रंप ) की कोई निर्णायक भूमिका नहीं थी। या फिर कुछ देश 'ट्रंप हस्तक्षेप या मध्यस्थता ' मानने को तैयार नहीं। दूसरी तरफ़ आंकड़े यह बताते है कि इसी 'स्वयंभू शांतिदूत ' के कार्यकाल में 2017 में अमेरिकी सैन्य कार्रवाइयों से इराक़, सीरिया, अफ़ग़ानिस्तान और यमन में 499 नागरिकों की मौत हुई। इन्हीं के कार्यकाल में अफ़ग़ानिस्तान में युद्ध ने 2,463 अमेरिकी सैनिकों और नागरिकों की जान ली। इसी तरह ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में 2025-2026 के दौरान ईरान और वेनेज़ुएला जैसे देशों पर हमले किये गये। वेनेज़ुएला के राष्ट्रपति निकोलस मदुरै को उनकी पत्नी सहित अपहृत कर अमेरिका ले जाया गया। 2025 में अलक़ायदा के एक दुर्दांत आतंकी सरग़ना अहमद हुसैन अल शरा को सीरिया का राष्ट्रपति थोप दिया गया। क्योंकि राष्ट्रपति निकोलस मदुरै की ही तरह पूर्व राष्ट्रपति बशर अलअसद, भी ट्रंप व अमेरिका के पिछलग्गू नहीं थे। और अब ट्रंप ने इस्राईल से अपनी 'दोस्ती ' निभाते हुये ईरान को एक बार फिर ऐसे युद्ध में लपेट लिया है जहाँ विनाश का अभूतपूर्व इतिहास लिखा जा रहा है। और निःसंदेह इस विनाश के जनक और कोई नहीं बल्कि केवल 'स्वयंभू विश्व शांतिदूत ' राष्ट्रपति ट्रंप ही हैं। केवल तेल संपदा पर नियंत्रण के लिये वेनेज़ुएला से लेकर ईरान तक और ईरान युद्ध के चलते विश्व में अशांति फैलाने वाले ट्रंप का 'नोबेल शांति पुरस्कार' के लिए इस क़द्र मचलना वास्तव में हैरान करने वाला है। ख़ासकर तब और भी अधिक जबकि एप्सटीन फ़ाइल्स में उनके कथित कारनामे न केवल पूरे अमेरिका बल्कि पूरी मानवता को शर्मसार करने वाले हो सकते हैं। ट्रंप का क़त्लो ग़ारत का यह मिशन अभी पूरा नहीं हुआ है क्योंकि वे स्वयं ईरान के बाद अब क्यूबा पर हमले की योजना बना रहे हैं। गोया एक तरफ़ तो ट्रंप ने पूरे विश्व में अशांति फैलाने का ठेका भी ले रखा है और दूसरी तरफ़ नोबेल शांति पुरस्कार की इच्छा भी पाले हुये हैं ?




## आज का राशिफल

मेष राशि आज का दिन आपको अपने खर्चों को समझदारी से संभालने की सलाह देता है। यदि आप पहले से ही एक अच्छा बजट बनाकर चलेंगे, तो आर्थिक स्थिति संतुलित बनी रहेगी और अनावश्यक परेशानियों से भी बचाव होगा। आपके मन में प्रेम, सहयोग और त्याग की भावना बनी रहेगी, जिसके कारण आप परिवार और अपनों के लिए कुछ त्याग भी कर सकते हैं। हालांकि यदि आपको किसी प्रकार की शारीरिक परेशानी महसूस हो, तो उसे नजरअंदाज करना ठीक नहीं होगा।

वृषभ राशि आज आप अपनी आय को बढ़ाने के नए रास्तों पर खास ध्यान देंगे और भविष्य को सुरक्षित बनाने की योजना बनाएंगे। निवेश के मामले में भी आपका मन सक्रिय रहेगा और विशेष रूप से शेयर मार्केट में किया गया निवेश आगे चलकर अच्छा लाभ दे सकता है। बैंकिंग क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए भी आज का दिन शुभ संकेत दे रहा है और उन्हें किसी नई योजना या अवसर का लाभ मिल सकता है। कार्यक्षेत्र में आपके बॉस आपके काम से काफी प्रसन्न रहेंगे, क्योंकि आप अपने दायित्वों को पूरी लगन और मेहनत के साथ निभाएंगे।

मिथुन राशि आज का दिन आपको हर काम सोच-समझकर और सावधानी से करने की सलाह देता है। यदि पिछले कुछ समय से आपके करियर में कोई समस्या या रुकावट चल रही थी, तो आज उसमें सुधार देखने को मिल सकता है। कार्यक्षेत्र में आपके अच्छे प्रदर्शन से आपके बॉस भी प्रभावित होंगे और संभव है कि वे आपको किसी नए पद या जिम्मेदारी के लिए विचार करें। परिवार की बात करें तो आपकी संतान किसी नई चीज की इच्छा जता सकती है और आप उनकी खुशी के लिए वह पूरी करने का प्रयास करेंगे।

कर्क राशि आज आप अपने आसपास के लोगों का विश्वास जीतने में सफल रहेंगे। आपका व्यवहार और आपकी ईमानदारी लोगों को प्रभावित करेगी, जिससे समाज और कार्यक्षेत्र में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। भाग्य भी आज आपका पूरा साथ देगा और कई काम बिना ज्यादा मेहनत के भी पूरे होते नजर आएंगे। आपके सम्मान और साख में वृद्धि होगी और यही बात आपके आत्मविश्वास को और मजबूत बनाएगी। आप अपने कामों में धैर्य और साहस के साथ आगे बढ़ेंगे, जिससे सफलता की राह आसान होगी। मित्रों का सहयोग भी आपको मिलता रहेगा, जो मुश्किल समय में आपका साथ देंगे।

सिंह राशि आज आपको अपने कामों के प्रति बिल्कुल भी लापरवाही नहीं दिखानी चाहिए। विशेष रूप से व्यापार से जुड़े लोगों को हर निर्णय सोच-समझकर लेना होगा। स्वास्थ्य के मामले में भी अपनी आंखों का विशेष ध्यान रखें, क्योंकि छोटी-सी लापरवाही परेशानी का कारण बन सकती है। संभव है कि आज आपकी कोई पुरानी गलती सामने आ जाए, जिससे आपको थोड़ी असहज स्थिति का सामना करना पड़े। संतान के साथ भी किसी बात को लेकर बहस या मतभेद हो सकता है, इसलिए धैर्य से स्थिति संभालना बेहतर रहेगा।

कन्या राशि आज का दिन आपके लिए किसी बड़ी उपलब्धि का संकेत दे रहा है। लंबे समय से जिस काम को लेकर आप मेहनत कर रहे थे, उसमें सफलता मिलने की संभावना है। दांपत्य जीवन में यदि कुछ समय से तनाव या मतभेद चल रहे थे, तो आज आप दोनों मिलकर उन्हें सुलझाने का प्रयास करेंगे और रिश्ते में फिर से मधुरता आएगी। कार्यक्षेत्र में आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी भी मिल सकती है, लेकिन घबराने की जरूरत नहीं है, क्योंकि टीम वर्क के जरिए आप उसे आसानी से पूरा कर लेंगे।

तुला राशि आज का दिन आपको मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। कामकाज में आपको पूरी लगन दिखानी होगी और छोटी-छोटी बातों में भी ध्यान देना होगा। यदि कोई छोटा व्यक्ति गलती कर देता है, तो उसे डांटने के बजाय बड़े दिल से माफ करना आपके लिए बेहतर रहेगा। आज आपको बेवजह के तर्क-वितर्क से दूर रहने की सलाह दी जाती है, क्योंकि ऐसे विवाद केवल समय और ऊर्जा को ही नष्ट करते हैं।

वृश्चिक राशि आज का दिन आपके भीतर छिपी कला और प्रतिभा को निखारने का अवसर देगा। आप अपने कौशल को और बेहतर बनाने की कोशिश करेंगे और इसका सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिलेगा। दिन के दौरान आप अपने करीबी लोगों के साथ समय बिताएंगे, जिससे रिश्तों में और भी मजबूती आएगी। कार्यक्षेत्र में आपके बॉस भी आपके व्यवहार और काम से प्रसन्न रहेंगे। पढ़ाई और अध्यात्म के प्रति भी आपका झुकाव बढ़ेगा, जिससे मन को शांति और संतुलन मिलेगा।

धनु राशि आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। परिवार से जुड़े मामलों पर आपको विशेष ध्यान देने की जरूरत होगी, क्योंकि आपके निर्णय पूरे परिवार को प्रभावित कर सकते हैं। किसी भी काम के लिए दूसरों पर निर्भर रहने के बजाय खुद आगे बढ़कर जिम्मेदारी लेना आपके लिए बेहतर रहेगा। यदि आप अत्यधिक उत्साह में आकर जल्दबाजी में कोई काम करेंगे, तो उसमें गड़बड़ी होने की संभावना भी बन सकती है। वाहन चलाते समय भी सावधानी बरतें, विशेषकर तेज गति से बचें।

मकर राशि आज का दिन सामान्य रूप से बीतने वाला है, लेकिन कुछ नए संपर्क आपके लिए लाभदायक साबित हो सकते हैं। आप अपने बड़ों की सेवा और सम्मान के लिए भी समय निकालेंगे, जिससे परिवार में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। किसी भी निर्णय को केवल भावनाओं में बहकर लेने से बचें, क्योंकि बाद में वही निर्णय पछतावे का कारण बन सकता है। यदि आप शेयर मार्केट या किसी अन्य जोखिम वाले निवेश की योजना बना रहे हैं, तो पहले किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह लेना बेहतर रहेगा।

कुंभ राशि आज का दिन आपके लिए खुशी और आनंद से भरा रहने वाला है। आपके जीवन स्तर में धीरे-धीरे सुधार देखने को मिलेगा और आपको अपनी मेहनत का अच्छा परिणाम मिल सकता है। हालांकि किसी भी निर्णय को भावनाओं के प्रभाव में आकर लेने से बचना जरूरी होगा। आज आपके धन-धान्य में वृद्धि के संकेत मिल रहे हैं, जिससे आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। व्यापार में शुरुआत में कुछ उतार-चढ़ाव जरूर आ सकते हैं, लेकिन अंततः आपको अच्छी सफलता मिलने की संभावना है।

मीन राशि आज आप अपने कामों को पूरे आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ाएंगे। आपके प्रयासों को देखकर आपके बॉस भी प्रभावित होंगे और आप उनका भरोसा जीतने में सफल रहेंगे। लंबे समय से रुका हुआ कोई काम आज पूरा हो सकता है, जिससे आपके मन में खुशी और संतोष की भावना आएगी। जीवनसाथी भी आपके हर कार्य में आपका पूरा साथ देंगे और उनके सहयोग से कई मुश्किलें आसान हो जाएंगी। आज आप जिस भी काम में हाथ डालेंगे, उसमें सफलता मिलने के अच्छे संकेत दिखाई दे रहे हैं।

राजनीति

# राजनीतिक घृणा की अति और देश की प्रतिष्ठा

**डॉ. प्रियंका सौरभ**



लोकतंत्र में असहमति और आलोचना को एक स्वस्थ परंपरा माना जाता है। सत्ता में बैठी सरकार, उसके निर्णयों और उसके नेतृत्व पर सवाल उठाना नागरिकों का अधिकार भी है और लोकतंत्र की मजबूती का प्रमाण भी। लेकिन जब आलोचना की सीमाएँ टूटकर व्यक्तिगत कटाक्ष, उपहास और अपमान तक पहुँच जाती हैं, तब यह केवल राजनीतिक असहमति नहीं रह जाती, बल्कि एक ऐसी मानसिकता का रूप ले लेती है जो लोकतांत्रिक संवाद को कमजोर करती है। हाल के वर्षों में भारतीय राजनीति में वैचारिक मतभेदों की जगह कटुता और घृणा ने तेजी से स्थान बना लिया है। किसी भी घटना, उपलब्धि या राष्ट्रीय आयोजन को देखने से पहले उसे राजनीतिक चश्मे से परखने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। यही कारण है कि कई बार देश से जुड़ी उपलब्धियों या आयोजनों को भी कुछ लोग केवल इसलिए तिरस्कार की दृष्टि से देखने लगते हैं क्योंकि उनका संबंध उस नेतृत्व या सरकार से जोड़ दिया जाता है जिससे वे वैचारिक रूप से असहमत होते हैं। खेल के मैदान को सामान्यतः राजनीति से अलग माना जाता है। खेल में प्रतिस्पर्धा होती है, हार-जीत होती है, लेकिन अंततः खेल भावना ही सर्वोपरि रहती है। किंतु जब खेल के मंच को भी राजनीतिक कटाक्ष और व्यक्तिगत टिप्पणियों का माध्यम बना दिया जाए, तो यह खेल की गरिमा और राष्ट्रीय भावना दोनों को आहत करता है। क्रिकेट जैसे खेल, जो भारत में करोड़ों लोगों की भावनाओं से जुड़ा है, उसे भी जब राजनीतिक तंज का विषय बना दिया जाता है तो यह प्रवृत्ति चिंताजनक प्रतीत होती है। विडंबना यह है कि जिस स्टेडियम के नाम को लेकर कुछ लोगों ने व्यंग्य और कटाक्ष का सहारा लिया, उसी मैदान पर भारत ने विश्व कप जीतकर इतिहास रच दिया। यह घटना केवल खेल की दृष्टि से ही नहीं, बल्कि प्रतीकात्मक रूप से भी बहुत कुछ कहती है। इससे यह स्पष्ट होता है कि क्षणिक राजनीतिक टिप्पणियाँ और नकारात्मक बयानबाजी अंततः वास्तविक उपलब्धियों के सामने टिक नहीं पातीं।

भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण लोकतंत्र में यह स्वाभाविक है कि सभी लोग एक ही राजनीतिक विचारधारा से सहमत नहीं होंगे। कोई भी नेता या सरकार आलोचना से परे नहीं हो सकती। लेकिन यह भी उतना ही आवश्यक है कि आलोचना तथ्यों, तर्कों और मर्यादा के आधार पर हो। जब आलोचना का स्वरूप गिरकर केवल व्यंग्य, अपमान और उपहास तक सीमित हो जाता है, तब वह लोकतांत्रिक संवाद की गरिमा को कम कर देता है। सोशल मीडिया के विस्तार ने इस समस्या को और भी जटिल बना दिया है। आज हर व्यक्ति के पास अपनी राय व्यक्त करने का मंच है। यह लोकतांत्रिक दृष्टि से सकारात्मक भी है, क्योंकि इससे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को नया विस्तार मिला है। लेकिन इसके साथ ही यह भी देखने में आता है कि कई बार बिना तथ्य जाँचे, बिना गंभीरता से सोचे लोग ऐसी टिप्पणियाँ कर देते हैं जो अनावश्यक विवाद और कटुता को जन्म देती हैं। कई बार लोग केवल किसी समूह विशेष को खुश करने या भीड़ का हिस्सा बनने के लिए ऐसी भाषा का प्रयोग करने लगते हैं जो किसी भी दृष्टि से उचित नहीं कही जा सकती। राजनीतिक संवाद में भाषा की मर्यादा का विशेष महत्व होता है। शब्द केवल विचार व्यक्त नहीं करते, बल्कि समाज के वातावरण को भी प्रभावित करते हैं। जब सार्वजनिक जीवन में प्रयुक्त भाषा लगातार कठोर और अपमानजनक होती जाती है, तो उसका प्रभाव समाज के सामान्य व्यवहार पर भी पड़ता है। धीरे-धीरे असहमति को दुश्मनी और आलोचना को अपमान समझने की प्रवृत्ति बढ़ने लगती है। भारतीय राजनीतिक परंपरा में व्यंग्य और कटाक्ष की अपनी एक जगह रही है, लेकिन इसके साथ एक प्रकार का संतुलन और मर्यादा भी दिखाई देती थी। आज स्थिति कई बार ऐसी दिखाई देती है जहाँ शब्दों की तीव्रता और भाषा की कठोरता संवाद की संभावनाओं को ही समाप्त कर देती है। इससे समाज में अनावश्यक तनाव और विभाजन की स्थिति पैदा होती है। इस संदर्भ में यह समझना भी आवश्यक है कि किसी भी लोकतंत्र में स्वस्थ आलोचना अनिवार्य होती है। यदि सरकार या नेतृत्व से कोई भूल होती है तो उसकी आलोचना होना स्वाभाविक है। मीडिया, बुद्धिजीवी और आम नागरिकों का यह दायित्व है कि वे सत्ता से सवाल पूछें। लेकिन आलोचना का उद्देश्य सुधार होना चाहिए, न कि केवल अपमान या उपहास। आज समाज के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही है कि वह स्वस्थ आलोचना और अनावश्यक घृणा के बीच अंतर को समझे। राजनीतिक मतभेद लोकतंत्र की स्वाभाविक विशेषता हैं, लेकिन यदि ये मतभेद सामाजिक विभाजन का कारण बनने लगें तो यह स्थिति चिंता का विषय बन जाती है। इसलिए आवश्यक है कि हम असहमति को सम्मानजनक संवाद के रूप में स्वीकार करें, न कि उसे व्यक्तिगत आक्रमण का माध्यम बना दें।

समाज के जागरूक वर्ग—जैसे लेखक, पत्रकार, शिक्षाविद और बुद्धिजीवी—इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सार्वजनिक विमर्श का स्तर गिरने न पाए। तर्क, तथ्य और मर्यादा के साथ अपनी बात रखने की परंपरा को मजबूत करना ही लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा योगदान हो सकता है।

यह भी ध्यान रखना चाहिए कि राजनीतिक सत्ता स्थायी नहीं होती। समय के साथ सरकारें बदलती रहती हैं, नेता आते-जाते रहते हैं और परिस्थितियाँ भी बदलती रहती हैं। लेकिन राष्ट्र की प्रतिष्ठा और उसकी गरिमा स्थायी होती है। इसलिए किसी भी राजनीतिक विवाद या असहमति में हमें इस मूल तथ्य को नहीं भूलना चाहिए कि अंततः हम सभी एक ही देश के नागरिक हैं और उसकी प्रतिष्ठा हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम राजनीतिक बहसों को अधिक परिपक्व और जिम्मेदार बनाएं। असहमति को शत्रुता में बदलने के बजाय उसे विचारों के स्वस्थ आदान-प्रदान का माध्यम बनाएं। आलोचना करें, लेकिन तर्क और तथ्य के आधार पर करें। व्यंग्य करें, लेकिन उसकी मर्यादा बनाए रखें। और सबसे महत्वपूर्ण यह कि किसी भी परिस्थिति में देश की प्रतिष्ठा और गरिमा को सर्वोपरि रखें। लोकतंत्र की असली ताकत केवल चुनावों में नहीं, बल्कि उस संवाद में होती है जो समाज के भीतर निरंतर चलता रहता है। यदि यह संवाद संयमित, तर्कपूर्ण और सम्मानजनक होगा तो लोकतंत्र मजबूत होगा। लेकिन यदि यह संवाद घृणा, उपहास और कटुता से भर जाएगा, तो लोकतंत्र की जड़ें कमजोर पड़ने लगेंगी।

अंततः यह स्मरण रखना होगा कि राजनीतिक टिप्पणियाँ क्षणिक होती हैं, लेकिन राष्ट्र की उपलब्धियाँ इतिहास बन जाती हैं। जिस मैदान को लेकर कभी तंज कसे गए थे, उसी मैदान पर जब भारत विश्व विजेता बनकर खड़ा होता है, तो वह केवल एक खेल की जीत नहीं होती—वह यह भी संदेश देती है कि नकारात्मकता और कटाक्ष से ऊपर उठकर ही देश की असली पहचान बनती है।

सत्ता बदलती रहती है, राजनीतिक समीकरण बदलते रहते हैं, लेकिन देश की प्रतिष्ठा हमेशा सर्वोपरि रहती है। यही कारण है कि हर नागरिक का यह दायित्व है कि वह अपने शब्दों और विचारों के माध्यम से उस गरिमा को बनाए रखने में योगदान दे। जब हम यह समझने लगेंगे कि राजनीतिक मतभेदों से ऊपर राष्ट्रहित है, तभी लोकतंत्र की वास्तविक भावना सुरक्षित रह सकेगी।

## रोज़े के दौरान एक्टिव कैसे रहें

पवित्र महीना रमज़ान इबादत, सोच-विचार और मिल-जुलकर रहने का समय होता है। 30 दिनों तक सुबह से शाम तक रोज़ा रखना शरीर के लिए थकाने वाला हो सकता है, खासकर माताओं, कॉलेज के विद्यार्थियों और कामकाजी लोगों के लिए जो रोज़ की ज़िम्मेदारियाँ भी निभाते हैं। पूरे दिन ऊर्जा बनाए रखने का सबसे अच्छा तरीका है सही तरीके से और सोच-समझकर तैयार की गई सहरी खाना। सहरी में ध्यान संतुलित और धीरे-धीरे ऊर्जा देने वाले भोजन पर होना चाहिए, जो दिन भर ताकत बनाए रखने में मदद करें और थकान से बचाएं। पोषक तत्वों से भरपूर भोजन शरीर को लगातार ऊर्जा देता है और लंबे समय तक पेट भरा हुआ महसूस कराता है। दूसरी ओर, दिन की शुरुआत तले हुए या बहुत मीठे भोजन से करने पर ऊर्जा जल्दी बढ़ती है और फिर अचानक गिर जाती है। इससे दिन बढ़ने के साथ-साथ थकान और प्यास ज्यादा महसूस हो सकती है। सहरी में समझदारी से और पौष्टिक भोजन चुनने से रोज़ा रखना अधिक आसान और ऊर्जावान महसूस हो सकता है। दिन भर लगातार ऊर्जा बनाए रखने के लिए इन पांच खाद्य पदार्थों को अपने भोजन में शामिल करें:

**कैलिफोर्निया बादाम:** बादाम में विटामिन बी2, विटामिन ई, मैग्नीशियम और फॉस्फोरस भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं, जो भोजन से ऊर्जा मिलने की प्रक्रिया में मदद करते हैं। ये शरीर को स्वस्थ और टिकाऊ ऊर्जा देते हैं, जिससे आप दिन भर सक्रिय रह सकते हैं। सहरी में कैलिफोर्निया बादाम को शामिल करना, चाहे उन्हें रात भर भिगोकर खाएं या स्मूदी में मिलाकर लें, लंबे समय तक रोज़ा रखने के दौरान ऊर्जा के स्तर को स्थिर बनाए रखने में मदद कर सकता है।

**ओट्स:** दूध या पौधे से बने विकल्पों के साथ तैयार किया गया एक कटोरा ओट्स जटिल कार्बोहाइड्रेट और फाइबर देता है। यह ऊर्जा को धीरे-धीरे जारी करने में मदद करता है, जिससे आपको लंबे समय तक पेट भरा हुआ महसूस होता है और दोपहर में होने वाली थकान से बचाव होता है।

**अंडे:**अंडों में उच्च गुणवत्ता वाला प्रोटीन और आवश्यक अमीनो एसिड भरपूर मात्रा में होते हैं। चाहे उन्हें उबालकर खाएं, स्क्रैम्बल करें या सब्ज़ियों के साथ ऑमलेट में शामिल करें, अंडे लंबे समय तक पेट भरा रखने में मदद करते हैं और मांसपेशियों के स्वास्थ्य का समर्थन भी करते हैं।

**ग्रीक योगर्ट के साथ सीड्स:** ग्रीक योगर्ट प्रोटीन और प्रोबायोटिक्स से भरपूर होता है। इसमें चिया या फ्लैक्ससीड्स मिलाने से फाइबर और हेल्दी फैट बढ़ती हैं, जो पाचन में मदद करती हैं और पूरे दिन शरीर को सक्रिय बनाए रखती हैं।

## एक नजर

### रंजीत पांडेय भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक नियुक्त



**जगदलपुर, 9 मार्च। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भाजपा प्रदेश नेतृत्व में द्वारा सहकारिता क्षेत्र में वर्षों से अपनी सेवा दे रहे मार्कफेड रायपुर नेफेड़ नई दिल्ली के डायरेक्टर रह चुके रंजीत पांडेय को भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ का प्रदेश सह संयोजक नियुक्त किया गया है। रंजीत पांडेय को भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक नियुक्त किये जाने पर भाजपा एवं उसके अनुसांगिक संगठनों ने द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं दिया है। सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक नियुक्त किये जाने के बाद आज रविवार को रंजीत पांडे द्वारा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव से भेंट कर आभार व्यक्त किया है।

### कंगोली में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस शिक्षा व सशक्तिकरण का लिया संकल्प



**जगदलपुर, 9 मार्च। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय एवं श्रीवेदमाता गायत्री शिक्षा महाविद्यालय, कंगोली के संयुक्त तत्वावधान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में महिलाओं के सम्मान, उनके अधिकारों और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। आयोजन की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पण के साथ हुई। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने महिला सशक्तिकरण पर आधारित प्रेरणादायक विचार प्रस्तुत किए और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती अनुपमा राजवाड़ी (प्राचार्य, शासकीय विद्यालय कोरबा) ने अपने संबोधन में कहा कि महिला समाज की आधारशिला है और बिना महिलाओं की सक्रिय भागीदारी के किसी भी राष्ट्र की प्रगति अधूरी है। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा, शिक्षा ही वह हथियार है जो महिलाओं को आत्मनिर्भर बना सकता है। अपनी शिक्षा को समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए उपयोग करें। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित सुश्री शारदा कश्यप (गुरु घासीदास विश्वविद्यालय की भूतपूर्व एच.ओ.डी.) एवं श्रीमती डी. वनिता नायडू (शिक्षिका) ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने आधुनिक युग में महिलाओं की बदलती सामाजिक भूमिका और शिक्षा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

# एनएमडीसी महिला कर्मचारियों ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता







**बचेली 9 मार्च।** एनएमडीसी बीआईओएम किरंदुल परियोजना की महिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस प्रशिक्षण संस्थान के आडोटोरियम में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मनाया।

सर्वप्रथम बीआईओपी सीनि.सेके.स्कूल की शिक्षिकाओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि श्री रवीन्द्र नारायण, अधिशासी निदेशक एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमती के.एल.नागवेणी, उप महाप्रबंधक (मा.सं.), डा.मनीषा लाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, श्री एस.गुहा, उप महाप्रबंधक (वित्त), श्री राजेश संधू, सचिव, एसकेएम संघ, श्री ए.के, सिंह, सचिव, एमएमडब्ल्यू यूनियन व यूनियन के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे। सभी आमंत्रित अतिथियों का पुष्पगुच्छ से हार्दिक स्वागत किया गया। तत्पश्चात दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभअवसर पर अतिथियों ने संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं के सम्मान, समानता और समाज में उनके अतुलनीय योगदान को याद करने का दिन है। यह नारी शक्ति, संघर्ष और उपलब्धियों को सल्यूट करने का दिन है। यह दिन समानता और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने तथा समाज में सम्मानजनक स्थान सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित करता है।

कार्यक्रम के दौरान विगत दिनों आयोजित महिला क्रिकेट टूर्नामेंट टीम के विजेता और उप विजेता महिला टीम खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि द्वारा ट्राफी और प्रोत्साहन राशि प्रदान किए। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को प्रोत्साहन हेतु गिफ्ट कूपन उपहार में दिए गए। कार्यक्रम में महिलाओं ने घर से बनाए हुए विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजनों, सलाद की कलात्मक सजावट और फूलों की प्रदर्शनी ने आयोजन में आकर्षण बढ़ा दिया। जिसका उपस्थितों ने आस्वादन किया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती अनुपमा भद्र, वरि.शिक्षिका ने किया और धन्यवाद ज्ञापन सुश्री कुणामी हंसदा, सहा.प्रबंधक (मा.सं.) ने किया।

### मना करने पर भी नहीं माने पालिका उपाध्यक्ष, रहवासी परेशान

# घर के सामने ही पालिका ने जमीन खोदकर बना दिया सेप्टिक टैंक

- वार्ड पार्षद को भी जानकारी नहीं, बिना पूछे सेप्टिक टैंक बनाये जाने से पार्षद नाराज

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 9 मार्च।** मकान के सामने रास्ते में नगर पालिका द्वारा बड़ा सा गड्ढा खोदकर सेप्टिक टैंक बनाये जाने का मामला सामने आया है जिसके बाद एक बार फिर से दंतेवाड़ा नगर पालिका की जमकर फजीहत हो रही है। नपा द्वारा एक के बाद एक कई ऐसे मुद्दे हाल फिलहाल में सामने आए हैं जिससे पालिका परिषद की काफी किरकिरी हुई है।

सेप्टिक टेंक का विवाद नगर के वार्ड क्रमांक 4 बस स्टेंड के समीप का है। यहां नगर पालिका द्वारा एक रैन बसेरा का निर्माण करवाया जा रहा है। जिसके लिए एक सेप्टिक टेंक बनवाया गया है। जिस जगह पर टैंक बनाया गया है वहां पर दो लोगों का घर है। एक घर के मुख्य दरवाजे के सामने ही मार्ग पर बड़ा सा गढढा खोदकर टैंक बनाया गया है। पीड़ित मकान मालिक नन्द कुमार का कहना है कि हमारे घर के सामने ही पालिका उपाध्यक्ष कैलाश मिश्रा के कहने पर ठेकेदार द्वारा यहां बड़ा सा गढढा खोदकर पक्का सेप्टिक टैंक का निर्माण करवाया गया है। टैंक बनाने से पूर्व यहां रह रहे दो घरों के परिवारों से कोई सहमती भी नहीं ली गई। विरोध करने पर भी नहीं माने और जबरन गढढा खेदकर मार्ग को अवरूद्ध कर ईट से जोड़कर टैंक का निर्माण कर दिया गया। पीड़ितों ने इसकी शिकायत वार्ड पार्षद से भी की है। पार्षद इंद्रा ठाकुर ने कहा कि उनके वार्ड में उनसे बगैर पुछे सेप्टिक टैंक बनाया गया है जो पुरी तरह से गलत है टैंक को यहां से हटाकर किसी और स्थान पर बनाया जाना चाहिए। किसी के मकान के आगे निकासी मार्ग पर टैंक कैसे बनाया जा सकता है। ईधर पीड़ितों का कहना है वे यहां पिछले 40 वर्षो से वे रहे हैं उन्हें मकान का पटटा भी मिला हुआ है। कम से कम सेप्टिक टैंक बनाने से पहले एक बार सलाह मशविरा तो पालिका के लोगों को करना चाहिए था मगर ऐसा कुछ नहीं किया गया। हमारी सहमती के बगैर गढढा खेदकर टैंक बनवाया गया है जो सही नहीं है। टैंक बन जाने से अब वहां रहने वाले दो घरों के परिवारों के सामने विकट समस्या पैदा हो गई है। पीड़ितों ने कहा कि अगर भविष्य में कभी टैंक लीक हो जाता है या ओव्हर फ्लो होता है तो इससे दुर्गध फैलेगा और हमें काफी दिक्कत होगी इसलिए हम टैंक बनाने के विरोध में हैं। सीएमओ सर को आवेदन देकर टैंक हटाने की गुजारिश करेंगे। यहां हमारी सुनी जाती है तो ठीक अन्यथा कलेक्टर के समक्ष शिकायत करने को हम विवश होंगे।

> लोगों को विश्वास में लिए बिना, ऐसे किसी के घर के सामने सेप्टिक टैंक बनाना अनुचित है। पालिका का काम आमजनों की समस्याओं को दूर करना होता है समस्या बढ़ाना नहीं। मेरी जानकारी में ये चीजें नहीं थी। अभी शिकायत मिली है। स्थल का मौका मुआएना कर देखेंगे। अगर किसी को समस्या है तो टैंक को वहां से हटवा लिया जाएगा।

### थाना बचेली में महिला दिवस पर महिला अधिकारी- कर्मचारियों का सम्मान




तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बचेली 9 मार्च।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर थाना बचेली में एक सादगीपूर्ण कार्यक्रम आयोजित कर थाना प्रभारी प्रहलाद कुमार साहू एवं थाना स्टाफद्वारा थाना में पदस्थ महिला अधिकारी एवं कर्मचारियों का बुके व उपहार भेंट करने के साथ साथ जलपान की व्यवस्था तथा केक काट कर सम्मान किया गया और इस दौरान उनके कार्यो की सराहना की गई।

कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी प्रहलाद कुमार साहू ने कहा कि समाज में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। पुलिस विभाग में भी महिला अधिकारी और कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा और लगन के साथ कर रही हैं। उन्होंने कहा कि महिला पुलिसकर्मी कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ समाज में महिलाओं की सुरक्षा और जागरूकता बढ़ाने में भी अहम भूमिका निभा रही हैं। इस अवसर पर उपस्थित सभी पुलिसकर्मियों ने महिला अधिकारी और कर्मचारियों को महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान थाना स्टाफ द्वारा महिलाओं के सम्मान में उनके योगदान को सराहा गया और उत्साहपूर्वक महिला दिवस मनाया गया।

# महुआ फूल बीनने ग्रामीण जंगल में लगा रहे आग

- दावानल से खनिज सम्पदा के साथ साथ पर्यावरण का भी हो रहा नुकसान

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 9 मार्च।** जंगलों में इन दिनों महुआ पेड़ के नीचे जगह जगह आग की लपटें जलती हुई दिखाई पड़ रही है। महुआ फूल चुनने के फेर में ग्रामीण जंगलों में आग लगा रहे हैं। जिसके चलते खनिज संपदा का तो नुकसान हो ही रहा है साथ ही पर्यावण को भी काफी क्षति पहुंच रही है। जंगलों में लगी आग को बुझाने वन विभाग के कर्मचारी कोई रूचि नहीं दिखा रहे। जानकारी के बावजूद वन विभाग दावानल को रोकने कोई कदम नहीं उठा रहा।

फरवरी मार्च का महीना आते ही महुए के पेड़ों में पीले पीले रसदार फूल लगने शुरू हो जाते हैं। ये फूल पेड़ों से गिरते हैं जिसे संग्रहण कर आदिवासी इसे सुखाते हैं और बाजार ले जाकर बेचते हैं और अपनी रोजमर्रा के सामानों को खरीदकर अपना जीवन यापन करते हैं। बस्तर के ज्यादातर आदिवासी वनोपज पर निर्भर रहते हैं। अभी पतझड़ का मौसम है। महुए के फूल को चुनने के लिये आदिवासी पेड़ों के नीचे सूखे पत्तों में आग लगा देते हैं। जिससे पत्ता जल जाता है जिसके बाद महुए के फूल को चुनने में ग्रामीणों को आसानी होती है। दक्षिण बस्तर के जिस भी गांव में चले जाएं जंगलों में आग की लपटें उठती हुई दिखाई पड़ेगी। ग्रामीण महुए चुनने के चक्कर में जंगलों में आग लगा रहे हैं। जबकि जंगलों में आग लगाना वन अधिनियम के तहत एक बड़ा अपराध है। इसके लिये सजा तक का प्रावधान है। लेकिन वन विभाग की सुस्त कार्यप्रणाली के चलते इस प्रकार की स्थिति हर साल निर्मित होती है। पत्तों में आग लगाने से जमीन की उवर्रा शक्ति कमजोर हो जाती है साथ ही आग की चपेट में आकर जंगल से कई बेशकीमती वनस्पति व जड़ी बूटी भी नष्ट हो जाते हैं। जंगलों में रहने वाले जीव जन्तु भी मारे जाते हैं उन पर भी संकट आ जाती है। दावानल पर रोक लगाने की जिम्मेदारी वन विभाग की होती है। वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह, विश्व वानिकी दिवस जैसे कई आयोजन कर वन विभाग वनों हुको बचाने बड़े बड़े दावे करती है परंतु जमीनी स्तर पर वन विभाग वनों को दावानल से बचाने में पूरी तरह नाकाम रहा है।

### भाजपा सरकार के संरक्षण में अपराधी बेखौफ, हो रही अफीम की खेती : सुशील मौर्य

**जगदलपुर, 9 मार्च।** बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने उपस्थित कांग्रेसजनों के साथ काली पट्टी बांधकर पत्रवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि कल दुर्ग के समोदा गांव में एक खुलासा हुआ कि वहां पर एक फार्म हाउस के अंदर लगभग 10 एकड़ में अफीम की खेती हो रही थी। यह अफीम की खेती भाजपा नेता विनायक ताम्रकार करवा रहा था। विनायक ताम्रकार भाजपा के दुर्ग जिले का किसान मोर्चा का पूर्व अध्यक्ष है, तथा वर्तमान में वह भाजपा के राईस मिल प्रसंस्करण प्रकल्प का प्रदेश संयोजक है। बिना सरकार के संरक्षण के कोई अफीम की खेती खुलेआम करे यह संभव नहीं है। भाजपा जब से सरकार में आई जुआ, सट्टा, शराब की तस्करी बढ़ गयी, नशे का कारोबार बढ़ गया, सत्ता में बैठे लोग इसको संरक्षण देते है। प्रदेश में कथित सुशासन' का दावा व ढोंग करने वाली साय सरकार में अपराधी बेखौफ हैं और सरकार के जनप्रतिनिधि केवल विज्ञापनों तक सीमित है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव के क्षेत्र और बस्तर सांसद के गृह ग्राम कलचा में हुई नृशंस हत्या भाजपा के कुशासन का पुख्ता प्रमाण है।इस घटना की नैतिक जिम्मेदारी लेकर गृहमंत्री इस्तीफा दें। उन्होने कलचा हत्याकांड को लेकर भाजपा सरकार पर तंज कसते हुए कहा जगदलपुर नगरनार थाना क्षेत्र के ग्राम कलचा में होली मंडई-मेले के दौरान हुई दो युवकों की नृशंस हत्या प्रदेश की भाजपा सरकार और स्थानीय प्रशासन के सुशासन नहीं कुशासन का प्रतीक है।

### साल भर का कार्यकाल सफल रहा, आगे भी विकास कार्य होते रहेंगे:ज्योति चंद्राकर



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कुरुद 9 मार्च।** विश्व महिला दिवस पर नगर पालिका कुरुद की महिला अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर ने अपने 1 वर्ष के के कार्यकाल की उपलब्धियों को पत्रकारों के साथ साझा किया द्य अपने निवास स्थान पर स्थानीय पत्रकारों को शाल श्रीफल देकर सम्मानित भी किया। पत्रकारों द्वारा नशा मुक्त कुरुद की हेडलाइन पूछे जाने पर ज्योति चंद्राकर ने कहा यह असंभव हैं। जब तक व्यक्ति खुद को नशे के खिलाफ खड़ा नहीं करेगा नशा पुरी तरह समाप्त नहीं हो सकता। उन्होंने भविष्य की योजनाओं के बारे भी पत्रकारों को जानकारी दी।

8 मार्च 2025 से लेकर आज तक 1 वर्ष पूर्ण होने की सफलता पर नगर पालिका परिषद कुरूद की अध्यक्ष ज्योति भानु चंद्राकर ने अपने निवास स्थान में विभिन्न विकास कार्यो की जानकारी दी और कहा हमारे मार्गदर्शक छत्तीसगढ़ शासन और केंद्र सरकार के सहयोग से कुरूद नगर में अनेक कार्य हो रहे हैं द्य उन्होने कहा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्रीअरुण साव के सुशासन और विधायक अजय चंद्राकर के विकास रथ को निरंतर आगे बढ़ाने का दावा किया। आगामी कार्य योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी साथ ही नगर के पत्रकारों का किया सम्मान। एक वर्ष में नगर पालिका परिषद कुरूद द्वारा विभिन्न विकास कार्य किए गए। जिसमें प्रमुख रूप से नगर पालिका का दर्जा मिला, जिसके भवन के लिए तीन एकड़ जमीन अधिग्रहित किया। केनाल रोड के पास मंगल भवन का निर्माण किया। डॉ एपीजे अब्दुल कलाम उद्यान का जीर्णोद्धार द्वारा किया। रोशनी की व्यवस्था की गई। व्यावसायिक परिसर निर्माण किया। तालाबों की सफाई की गई। अटल बिहारी स्टेडियम में खेल परिसर का निर्माण किया। इंडोर स्टेडियम का निर्माण किया। डॉ अंबेडकर, अब्दुल कलाम जी और अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा स्थापना की गई। सरोवर धरोहर योजना के तहत तलबो का सौंदर्यीकरण किया गया।बिजली एवं सोलर पावर से निकाय को आत्मनिर्भर बनाने प्रयासरत हैं। व्यवसाय वृद्धि के लिए सुव्यस्थित बाजार व्यवस्था की गई।मुक्तिधाम का विस्तार किया गया।गौशाला उन्नयन किया गया, शाला भावनो हेतु राशि स्वीकृत कर प्रस्ताव भेजा गया। पेयजल की व्यवस्था की गई। राजस्वृद्धि हेतु अनेक व्यावसायिक उपक्रमों का संचालन किया जा रहा है। पर्यावरण संरक्षण हेतु योजनाएं संचालित की जा रही है। कचरा प्रबंधन की उचित व्यवस्था की गई है। कार्यक्रमों हेतु मंगल भवनों का निर्माण किया सांस्कृतिक परिसर बनाए गए है। खेलों के लिए भी खेल परिसर का निर्माण किया गया। तथा स्वास्थ्य क्षेत्र में भी सिविल अस्पताल एवं 100 बिस्तर वाला अस्पताल भवन का निर्माण जारी है। भावी योजनाएं इस प्रकार है पार्किंग ,सामुदायिक सेवाएं ,स्मार्ट ट्रैफिक ,हरितक्षेत्र, उद्यमिता प्रोत्साहन ,व्यापार ,जल संरक्षण ,नाली ,आवास, ईगवर्नेंस, सुरक्षा प्रणाली, शिक्षा, स्वास्थ्य ,शिकायत निवारण जैसे अनेको भावी योजनाएं शामिल है। ज्योति भानु चंद्राकर ने अपने 1 वर्ष के कार्यकाल का पत्रकारों के साथ चर्चा में दावा किया। पत्रकारों ने सवाल उठाते हुए नगर प्रशासन की कार्यप्रणाली की आलोचना भी की है। एक ओर परिषद विकास योजनाओं को उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत कर रही है, तो दूसरी ओर कुछ पत्रकारो ने नगर हितों की अनदेखी और मूलभूत समस्याओं के समाधान में कमी का आरोप लगाया। उन्होंने नगर में बढ़ती नशाखोरी की समस्या जैसे मुद्दो पर भी प्रश्न पूछे। जिस पर उन्होने स्पष्टता के साथ जवाब नहीं दिया द्य इस अवसर पर पार्षद गणों में महेंद्र गायकवाड, रवि मानिकपुरी, राजकुमारी ध्रुव, कविता चंद्राकर, नगर भाजपा अध्यक्ष भोजराज चंद्राकर, भाजपा महिला मोर्चा धनेश्वरी निर्मलकर, महामंत्री भूमिका सिन्हा, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष केशव चंद्राकर, उपस्थित थे।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर दंतेवाड़ा की बेटी

# डॉ. दिव्या देशमुख 'उन्मुखी' को दो प्रतिष्ठित सम्मानों से किया गया सम्मानित

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**किरन्दुल 9 मार्च।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर किरन्दुल की बेटी एवं हिंदी साहित्यकार डॉ. दिव्या देशमुख 'उन्मुखी' को दो प्रतिष्ठित सम्मानों से सम्मानित कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया गया। राजधानी में आयोजित भव्य समारोह में राज्यपाल महामहिम श्री रमेन डेका के करकमलों से उन्हें सम्मान प्रदान किया गया। यह सम्मान Asia News Bharat एवं News Plus 24 द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रदान किया गया, जहां उनके साहित्यिक योगदान और समाज में जागरूकता फैलाने के कार्यों की सराहना की गई।

इसी क्रम में एक अन्य समारोह में Lavanya Foundation द्वारा उन्हें Womenia 2026 Award से भी नवाजा गया। उल्लेखनीय है कि Lavanya Foundation द्वारा प्रत्येक जिले से एक प्रतिभाशाली और प्रेरणादायी महिला का चयन कर सम्मानित किया जाता है। इस वर्ष दंतेवाड़ा जिले से यह गौरवशाली सम्मान डॉ. दिव्या देशमुख 'उन्मुखी' को प्रदान किया गया।

**बैलाडीला की बेटी ने बढ़ाया क्षेत्र और प्रदेश का गौरव:** आपको बता दें कि साहित्यकार डॉ. दिव्या देशमुख 'उन्मुखी' का जन्म दंतेवाड़ा जिले के बैलाडीला नगर में हुआ। उनके पिता श्री रमेश देशमुख और माता श्रीमती ममता देशमुख हैं। प्रारंभिक शिक्षा उन्होंने सरकारी विद्यालयों से प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने अंग्रेजी प्रकाश विद्यालय, डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल तथा एनएमडीसी परियोजना के बीआईओपी स्कूल में अपनी आगे की पढ़ाई पूरी की।

बैलाडीला नगर में पली-बढ़ी डॉ. दिव्या देशमुख आज जिले, छत्तीसगढ़ और देश स्तर पर अपने परिवार एवं क्षेत्र का नाम रोशन कर रही हैं। उनके साहित्यिक योगदान और सामाजिक चेतना से जुड़े लेखन ने उन्हें एक अलग पहचान दिलाई है।

#### साहित्य के माध्यम से नारी सशक्तिकरण का संदेश

डॉ. दिव्या देशमुख 'उन्मुखी' को यह सम्मान साहित्य के माध्यम से समाज में नारी सशक्तिकरण, सामाजिक जागरूकता और मानवीय संवेदनाओं को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदान किया गया है। उनकी रचनाएं विभिन्न समाचार पत्रों और पत्रिकाओं में लगातार प्रकाशित होती रही हैं। वे समाज के महत्वपूर्ण मुद्दों और सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषयों पर निरंतर लेखन कर रही हैं।

#### समाज में सकारात्मक बदलाव के लिए मिलती है प्रेरणा

सम्मान प्राप्त करने के बाद डॉ. दिव्या देशमुख 'उन्मुखी' ने कहा कि यह उपलब्धि केवल उनकी नहीं बल्कि उनके क्षेत्र, पाठकों और सभी साहित्य प्रेमियों की प्रेरणा का परिणाम है। उन्होंने यह सम्मान अपने क्षेत्र और समाज को समर्पित करते हुए कहा कि इससे उन्हें समाज में सकारात्मक बदलाव लाने और महिलाओं की आवाज़ को और मजबूती से उठाने की प्रेरणा मिलती है।

#### क्षेत्र में खुशी की लहर, मिल रही बधाइयां

डॉ. दिव्या देशमुख 'उन्मुखी' की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में गर्व और खुशी का माहौल है। क्षेत्र के साहित्यकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, बुद्धिजीवियों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।दंतेवाड़ा जिले की बेटी की इस उपलब्धि ने न केवल क्षेत्र बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया है।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर

# जूटमिल पुलिस ने नारी शक्ति संगठनों का किया सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़,9 मार्च।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के दिशा निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी तथा नगर पुलिस अधीक्षक मयंक मिश्रा के मार्गदर्शन पर आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक अभिनव कांत सिंह द्वारा वार्ड की सुरक्षा और नशा मुक्ति के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य करने वाली वार्ड नंबर 42 की नारी शक्ति संगठन बजरंगपारा तथा नारी शक्ति संगठन इंदिरा आवास अमलीभौना की महिला सदस्यों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

विदित हो कि एसएसपी शशि मोहन सिंह द्वारा जिले में चलाए जा रहे 'ऑपरेशन आघात' के तहत मादक पदार्थों पर प्रभावी अंकुश लगाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही उन्होंने इस सामाजिक बुराई के उन्मूलन के लिए आमजन की सहभागिता को आवश्यक बताया है तथा गांव और वार्डों में नशा मुक्ति अभियान और शहर की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने लोगों को प्रेरित करने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में पूर्व थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक प्रशांत राव के आवाहन पर नारी शक्ति संगठन बजरंगपारा की महिलाओं ने वार्ड की सुरक्षा के लिए स्वयं आपस में सहयोग राशि एकत्र कर अपने क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे स्थापित करवाए।जिला पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में भी वार्ड की महिलाएं सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। महिलाएं स्वयं डंडा लेकर वार्ड में गश्त करती हैं और लोगों को शराब पीने एवं बेचने से मना करती हैं, जिसका सकारात्मक परिणाम सामने आया है और अब उस क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री की शिकायतें काफी कम हो गई हैं। इसी से प्रेरित होकर समीप के इंदिरा आवास अमलीभौना क्षेत्र की महिलाओं ने भी नारी शक्ति संगठन बनाकर प्रतिदिन वार्ड में गश्त कर शराबबंदी को लेकर जागरूकता अभियान शुरू किया है, जिसमें जूटमिल पुलिस द्वारा पूरा सहयोग किया जा रहा है।इस अवसर पर थाना प्रभारी अभिनव कांत सिंह ने अपने थाने में पदस्थ महिला प्रधान आरक्षक रेखा नागरे और देवकुमारी भारती को भी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए प्रशंसा पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया। दोनों महिला पुलिसकर्मी पारिवारिक जिम्मेदारियों के साथ अपने कर्तव्यों का निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन कर रही हैं।कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी अभिनव कांत सिंह ने उपस्थित नागरिकों को नशा मुक्ति अभियान और 'मिशन सिक्योरिटी' के तहत सीसीटीवी कैमरों की उपयोगिता के बारे में जानकारी देते हुए अधिक से अधिक सीसीटीवी लगाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने शराब को एक गंभीर सामाजिक बुराई बताते हुए कहा कि इसके उन्मूलन के लिए नागरिकों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। साथ ही उन्होंने आश्वस्त किया कि एसएसपी महोदय के निर्देशानुसार क्षेत्र में अवैध शराब, जुआ, सट्टा, देह व्यापार अथवा अन्य किसी भी प्रकार की अनैतिक गतिविधियों पर पुलिस द्वारा त्वरित और सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर थाना जूटमिल के सारे स्टाफ उपस्थित रहे ।

# सिटीजन पोर्टल को ब्लॉक कर अपराध छुपाने का काम कर रही सरकार: विनोद चंद्राकर



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ,9 मार्च।** शहर के चैतन्य नगर कालोनी क्षेत्र में खड़ी एक होंडा सिटी कार को अज्ञात चोरों चोरी कर लिया थाए जिसकी रिपोर्ट होने के 24 घंटे के अंदर पुलिस ने कार के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया हैए वहीं उसके दो साथी फरार हैए जिसकी तलाश जारी है।

मिली जानकारी जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र के गंगा नर्सिंग होम के पास निवासी मोहम्मद मुनीर मसूरी पिता स्वण् मोण् जुबेर ;46 वर्षद्ध ने कोतवाली थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि मेसर्स जिंदल पावर पावर लिमिटेड रायगढ़ की होंडा सिटी कार रिपेयरिंग के लिए उनके गैरेज में आई थी। जिसे रिपेयरिंग के बाद 06 मार्च को दोपहर में कार को चैतन्य नगर कॉलोनी के सामने खाली स्थान पर खड़ी किया गया था। उसी रात लगभग 08ण्30 बजे जब कार लेने पहुंचे तो वाहन वहां से गायब मिला। इससे गैरेज संचालक ने सफेद रंग की होंडा सिटी कार जिसकी कीमती लगभग 2ए00ए000 रुपये के चोरी होने का रिपोर्ट कोतवाली थाना में दर्ज करायाए इससे पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ धारा 303;2द्ध बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दिया। वहीं पुलिस टीम ने तत्काल घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज जांच कर मुखबिरों से जानकारी जुटाई। इस दौरान पता चला कि तीन लोग वाहन चोरी में शामिल हैं। इससे पुलिस ने संदेही आकाश यादव को पकडकर पूछताछ की तो उसने अपने साथियों आजाद अली उर्फ बहादूर एवं सोनूखान के साथ मिलकर चैतन्य नगर के सामने से कार चोरी करना स्वीकार किया। जिससे आरोपी के मेमोरेण्डम के आधार पर होंडा सिटी कार को जब्त किया गया। वहीं जांच के दौरान प्रकरण में बीएनएस की धारा 3;5द्ध भी जोड़ी गई है। पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर आरोपी आकाश यादव पिता सूर्यप्रकाश यादव19 वर्ष निवासी इंदिरानगर देवारपारा रायगढ़ को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। प्रकरण के अन्य आरोपी आजाद अली उर्फ बहादूर एवं सोनूखान फरार हैंए जिनकी तलाश की जा रही है।

### सांसद-विधायक निधि मद के निर्माण कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करें: कलेक्टर

**कांकेर, 9 मार्च ।** कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने आज समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक लेकर लंबित प्रकरणों एवं विषयों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को जल्द से जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सांसद निधि एवं विधायक निधि के तहत स्वीकृत निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही जिन कार्यों को अब तक प्रारंभ नहीं किया गया है, उन्हें तत्काल शुरू करने के लिए संबंधित जनपद पंचायतों के सीईओ को निर्देशित किया।

## एक नजर

### शान्ति सरोवर रिट्रीट सेन्टर में 10 मार्च को महिला जागृति सम्मेलन

**रायपुर,9 मार्च।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के महिला प्रभाग द्वारा बलौदाबाजार मार्ग पर स्थित शान्ति सरोवर रिट्रीट सेन्टर में मंगलवार 10 मार्च को शाम 4.00 बजे महिला जागृति आध्यात्मिक सम्मेलन का आयोजन किया गया है। चर्चा का विषय होगा- वन्दे मातरम से स्वर्णिम भारत।समारोह की मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय होंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में महापौर श्रीमती मीनल चौबे, बाल सरंक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा और पुलिस महानिदेशक की पत्नी श्रीमती ज्योति गौतम शामिल होंगी। समारोह में अपने आशीर्वचनों से रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी लाभान्वित करेंगी तथा मूल वक्तव्य रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी रश्मि दीदी का होगा।समारोह का मुख्य उद्देश्य समाज में महिलाओं की सुरक्षा के लिए नैतिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक जागृति लाकर उन्हें स्वयं की सुरक्षा के लिए सशक्त बनाना, महिलाओं के प्रति मानसिकता में परिवर्तन लाना, सार्वजनिक स्थलों, परिवहन तंत्र एवं वाहनों को नारियों के लिए अधिक सुरक्षित बनाने के लिए जन-जन को प्रेरित करना, अश्लील साहित्य, सिनेमा, विज्ञापन आदि पर अंकुश हेतु सामाजिक जागृति लाना आदि है।

### महतारी वंदन योजना से संवरा लच्छनदई का भविष्य

**जगदलपुर, 9 मार्च ।** छत्तीसगढ़ सरकार की महतारी वंदन योजना प्रदेश की महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण का एक सशक्त माध्यम बनकर उभरी है। बस्तर जिले के दरभा परियोजना अंतर्गत ग्राम कामानार की रहने वाली श्रीमती लच्छनदई बघेल इस बदलाव की एक जीती-जागती मिसाल हैं, जिन्होंने योजना से मिलने वाली छोटी सी राशि को अपनी सूझबूझ से एक मुनाफे वाले व्यवसाय में बदल दिया है। एकीकृत बाल विकास परियोजना दरभा के चीतापुर सेक्टर के तहत आने वाले इस छोटे से गांव कामानार की लच्छनदई ने यह साबित कर दिया है कि यदि संकल्प दृढ़ हो, तो सरकारी सहायता का सदुपयोग जीवन की दिशा बदल सकती है।

श्रीमती लच्छनदई बघेल बताती हैं कि राज्य सरकार द्वारा महतारी वंदन योजना के तहत उन्हें प्रतिमाह एक हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्राप्त हो रही थी। उन्होंने इस राशि को तात्कालिक खर्चों में व्यय करने के बजाय भविष्य की सुरक्षा और आय बढ़ाने के साधन के रूप में देखा। जब योजना की 10 किश्तें जमा होकर 10 हजार रुपये की पूंजी बन गईं, तो लच्छनदई के मन में स्वरोजगार का विचार आया। उन्होंने इस संचित राशि से गांव में ही एक छोटा सा होटल (नाश्ते की दुकान) संचालित करना शुरू किया। यह छोटा सा निवेश उनके जीवन में एक बड़ा आर्थिक मोड़ लेकर आया। होटल शुरू करने के बाद लच्छनदई की आर्थिक स्थिति में क्रांतिकारी सुधार देखने को मिला है। आज वे अपने इस छोटे से व्यवसाय से प्रतिदिन लगभग 500 रुपये का शुद्ध लाभ कमा रही हैं, जिससे उनकी मासिक आय में बड़ी बढ़ोतरी हुई है।

### भखारा के युवक टावेंद्र का बीएसएफ में चयन



**अंवरी,9 मार्च।** अंचल के लिए गर्व का विषय है कि नगर पंचायत भखारा निवासी टावेंद्र कुमार चौरे, पिता विनोद कुमार चौरे का चयन देश की प्रतिष्ठित सुरक्षा बल बीएसएफ (सीमा सुरक्षा बल) में हुआ है। उनके चयन से पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे भखारा अंचल एवं अहिरवार समाज के लिए सम्मान और गौरव का विषय बन गई है। टावेंद्र कुमार चौरे के सम्मान में भखारा में भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन निवास पर किया गया। किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति हरख जैन, पार्षदगण अंजू साहू, दीनानाथ साहू, छबिलाल निर्मलकर, हितेंद्र साहू, खेमलता साहू,समीर गौर आदि सहित वार्डवासी, जनप्रतिनिधि गण तथा समाज के वरिष्ठजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।कार्यक्रम की शुरुआत मंदिर में पूजन-अर्चना से की गई, जहां टावेंद्र कुमार की देश सेवा में उज्ज्वल भविष्य एवं सुरक्षित सेवा के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। इसके पश्चात पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार उन्हें दही खिलाकर शुभकामनाएं दी गईं तथा उपस्थित जनों ने पुष्पवर्षा कर उनका सम्मानपूर्वक विदाई दी।ज्योति हरख ने माला, श्रीफल से सम्मानित किया।इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने कहा कि टावेंद्र कुमार चौरे की यह सफलता क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा है। उन्होंने अपने परिश्रम और लगन से यह सिद्ध किया है कि लक्ष्य के प्रति दृढ़ संकल्प हो तो सफलता अवश्य मिलती है।

# बैठक में एसएसपी ने दिए शिकायतों की पेंडेंसी खत्म करने के निर्देश

**लंबित मामलों की जानकारी ली और जल्द से जल्द निराकरण के दिए निर्देश**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़,9 मार्च।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने पुलिस कंट्रोल रूम में जिले के सभी पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना-चौकी प्रभारियों तथा विभिन्न शाखा प्रभारियों की अपराध की समीक्षा बैठक ली। बैठक के लंबित मामले के जानकारी के साथ शिघ्र निराकरण करने के कड़े निर्देश दिए हैं।

उल्लेखनीय है कि एसएसपी ने जिले में स्थापित एमसीयू के माध्यम से सभी थानों में गिरफ्तार आरोपियों के फिंगरप्रिंट अनिवार्य रूप से दर्ज करने के निर्देश दिए है, साथ ही लॉ सेक्शन प्रभारी को हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के जवाबदावों का समय पर निराकरण करने तथा ई-समंस की शत प्रतिशत तामिली सुनिश्चित करने कहा गया। शिकायतों की पेंडेंसी को लेकर विशेष अभियान चलाने की आवश्यकता बताते हुए उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि शिकायतों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए। विशेष रूप से महिलाओं, असहाय व्यक्तियों और वृद्धों से संबंधित शिकायतों को प्राथमिकता से निराकृत करते हुए एक सप्ताह का समय तय करें। इसके साथ ही डायल-112 के कर्मचारियों की विशेष मॉनिटरिंग करते हुए समय-समय में इनकी जांच किया जाए, ताकि सेवा में किसी प्रकार की कमी सामने न आए। इसके साथ ही सीसीटीएनएस में कार्यों की एंट्री को लेकर असंतोष व्यक्त करते हुए थाना प्रभारियों को समय पर सभी एंट्री पूर्ण कराने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि गुंडा-बदमाशों की समीक्षा कर सक्रिय अपराधियों को निगरानी में लाए तथा वृद्ध हो चुके निगरानी बदमाशों को माफी बदमाश की श्रेणी में लाया जाए। साथ ही सक्रिय बदमाशों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया जाए।

### अपराधों की ली जानकारी

बैठक के दौरान लंबित हत्या, हत्या के प्रयास, धोखाधड़ी, पॉक्सो एक्ट तथा लूट के गंभीर मामलों की जानकारी लेकर शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए हैं। साथ ही जिले की कानून व्यवस्था की स्थिति पर भी विस्तार से चर्चा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।

अभियानों को ले गंभीरता सेजिले में चलाए जा रहे 'ऑपरेशन आघात' के तहत मादक पदार्थों के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई की गति बनाए रखने तथा एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार आरोपियों की संपत्ति जप्ती के लिए 'सफेमा' के तहत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी तरह 'ऑपरेशन शंखनाद' के तहत मवेशियों की अवैध तस्करी कड़ाई से रोक लगाई जाए। साथ ही 'ऑपरेशन अंकुश' के अंतर्गत जुआ और सट्टा जैसी सामाजिक बुराइयों के विरुद्ध कार्रवाई कर इसे पूरी तरह से खत्म करने के लिए कहा है। 'ऑपरेशन तलाश' के तहत प्रत्येक माह 10 से 15 तारीख के बीच फरार वारंटियों और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए।

### मामला लंबित होने पर होगी कार्रवाई

बैठक के दौरान एसएसपी ने कहा कि थाना प्रभारी अपने-अपने थानों में विवेचकों की बैठक लेकर लंबित मामलों की समीक्षा कर प्रकरण को जानबूझकर अनावश्यक रूप से लंबित न रखें, अगर कोई विवेचक लापरवाही करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई करें। वहीं हो कर्मचारी अच्छे काम करेंगे उनका प्रशंसा पत्र भेजने के निर्देश दिए, साथ ही यह भी बताया कि प्रत्येक माह थाना-चौकी के कार्यों की समीक्षा के आधार पर थाना प्रभारी को 'कॉप ऑफ द मंथ' से सम्मानित किया जाएगा।

### बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी एवं अनिल विश्वकर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक मयंक मिश्रा, डीएसपी प्रभात कुमार पटेल, उत्तम प्रताप सिंह, सिद्धांत तिवारी, सुशांतो बनर्जी, प्रशिक्षु डीएसपी अजय नागवंशी, आरआई अमित सिंह, डीएसबी प्रभारी निरीक्षक किशोर केरकेट्टा, एफएसएल अधिकारी डॉ. अनंत सिदार तथा जिले के सभी थाना-चौकी प्रभारी और शाखा प्रभारी उपस्थित रहे।

# बिहान मिशन के सहयोग से पांचो जयतो ने अपनी आर्थिक स्थिति में किया सुधार

**मोहला, 9 मार्च ।** ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएँ स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत बना रही हैं, बल्कि समाज में अपनी अलग पहचान भी बना रही हैं। ऐसी ही कहानी है श्रीमती पांचो जयते की, जिन्होंने संघर्ष भरे जीवन से आगे बढ़ते हुए मेहनत, साहस और बिहान मिशन के सहयोग से अपने परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार किया और आज गाँव में एक सफल महिला उद्यमी के रूप में पहचानी जाती हैं।

श्रीमती पांचो जयते, पूजा ग्राम संगठन के अंतर्गत गायत्री स्वयं सहायता समूह की सक्रिय सदस्य हैं। उन्होंने 15 अगस्त 2015 को स्वयं सहायता समूह से जुड़कर अपने जीवन में बदलाव की शुरुआत की। समूह से जुड़ने से पहले उनके परिवार की आर्थिक स्थिति बहुत कमजोर थी। परिवार की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए वे और उनके पति गाँव में दूसरों के यहाँ मजदूरी करते थे, लेकिन मजदूरी से होने वाली आय से घर की जरूरतें पूरी करना भी कठिन हो जाता था। बच्चों की पढ़ाई और परिवार के बेहतर भविष्य की चिंता उन्हें हमेशा बनी रहती थी। समूह से जुड़ने के बाद उन्हें बिहान मिशन के माध्यम से आर्थिक गतिविधियाँ शुरू करने की प्रेरणा मिली। उनके पति को होटल व्यवसाय के बारे में जानकारी थी, इसलिए उन्होंने परिवार की आय बढ़ाने के लिए होटल व्यवसाय शुरू करने का निर्णय लिया। इसके लिए संकुल और ग्राम संगठन के माध्यम से उन्हें 1 लाख 76 हजार रुपए का ऋण प्राप्त हुआ। इस ऋण राशि से उन्होंने होटल के लिए आवश्यक सामग्री खरीदी और वर्ष 2018 में होटल आजीविका गतिविधि की शुरुआत की। शुरुआत में वे गाँव और आसपास के बाजारों में जाकर होटल की दुकान लगाने लगे। धीरे-धीरे लोगों को उनके बनाए भोजन की गुणवत्ता और स्वाद पसंद आने लगा और बाजार में उनकी दुकान की पहचान बनने लगी।

# पर्सनल आईडी से रेलवे ई.टिकट बनाते युवक पकड़ाया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़,9 मार्च।** लोक सेवा केंद्र के आड़ में रेलवे का ई.टिकट बनाने वाले युवक को आरपीएफने गिरफ्तार कर उसके खिलाफकार्रवाई की है। साथ ही उक्त संचालक से पुराने बनाए गए टिकट व इलेक्ट्रानिक सामान भी जब्त किया है।

इस संबंध में रेल सुरक्षा बल पोस्ट प्रभारी कुलदीप कुमार ने बताया कि ई.टिकट के अवैध व्यापार करने वालों के खिलाफअभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। ऐसे में मुखबीर से सूचना मिली थी कि जूटमिल थाना क्षेत्र के ओड़िशा रोड पर गढ़उमरिया के पास स्थित मां सीएससी सेंटर में लंबे समय से ई.टिकट बनाने का काम चल रहा है। इससे आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार एस ने हमराबल के साथ 07 मार्च को स्थानीय पुलिस के साथ मौके पर पहुंच कर दबिश देते हुए दुकान संचालक को अपने कब्जे में लेकर पूछताछ किया तो मां सीएससी सेंटर के संचालक सिद्धार्थ राजभीर पिता शिवशंकर राजभीर ;28 वर्षद्ध निवासी वार्ड नंबर33 जूटमिल कबीर चौक का रहने वाला बताया। ऐसे में रेलवे ई.टिकट बनाने के संबंध में पूछताछ कर उसके इलेक्ट्रानिक सामान मोबाइल की जांच किया गया तो एक व्यक्तिगत यूजर आईडी से 12 नग पूराना रेलवे आरक्षित ई.टिकट बनाया पाया गया। साथ ही पूछताछ करने पर उसने बताया कि यह दुकान उसके परिचित अशोक सतनामी का हैए इससे करीब 10 दिन पहले इस दुकान को आपसी बातचीत कर लिया है और दुकान में सभी तरह के ऑन लाइन काम करता है। हालांकि रेलवे ई.टिकट का काम लगभग 2022 से करते आ रहा है और जरूरतमंद लोगों के मांग पर टिकट बनाकर प्रत्येक टिकट पर 10 रुपए अतिरिक्त चार्ज लेता है। ऐसे में जांच टीम ने दुकान संचालक द्वारा टिकट के लिए उपयोग किए गए बैंक खाता मोबाइल अन्य सामान को जब्त करते हुए पंचनामा तैयार का रायगढ़ पोस्ट लाया गयाए जहां धारा 143 रेलवे अधिनियम के तहत अपरोपी को गिरफ्तार कर इसकी सूचना उसके परिजनों को दी गईए जिससे परिजनों के आने पर जमानत देते हुए उसकी फाइल बिलासपुर कोर्ट में पेश किया गया है।

# कभी लेना पड़ता था उधार,महतारी वंदन योजना से लोकेश्वरी को मिला संबल

**मोहला, 9 मार्च ।** राज्य सरकार की महतारी वंदन योजना महिलाओं को आर्थिक संबल प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनने का अवसर भी दे रही है। इसका सकारात्मक प्रभाव अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी दिखाई देने लगा है। छत्तीसगढ़ के मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिले के विकासखंड मानपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत संबलपुर की निवासी श्रीमती लोकेश्वरी बाई इसका प्रत्यक्ष उदाहरण हैं। महतारी वंदन योजना से प्राप्त आर्थिक सहयोग ने न केवल उनकी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ किया है, बल्कि उनके जीवन में आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की नई राह भी खोली है।

लोकेश्वरी बाई ने बताया कि वह एक गृहिणी हैं और उनके पति खेती-किसानी का कार्य करते हैं। उनके पास इतनी जमीन भी नहीं है जिससे कृषि कार्य से पर्याप्त आमदनी हो सके। वह और उनके पति अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए खेतों में मजदूरी का कार्य भी करते हैं। इसी से वे अपने बच्चों की पढ़ाई-लिखाई का खर्च उठाते हैं।

उन्होंने बताया कि जब से उन्हें महतारी वंदन योजना के तहत हर महीने 1000 रुपए की राशि मिलनी शुरू हुई है, तब से उनके जीवन में बदलाव आया है। वह बताती हैं कि महतारी वंदन योजना से मिलने वाली राशि को वह अपने बैंक खाते में जमा करके रखती हैं और जब भी पैसों की जरूरत होती है तो बैंक जाकर उसे निकालकर अपनी जरूरतें पूरी करती हैं।उन्होंने बताया कि पहले जब पैसों की जरूरत पड़ती थी तो किसी से उधार लेने की स्थिति भी आ जाती थी, लेकिन जब से महतारी वंदन योजना की राशि मिलनी शुरू हुई है तब से उधार लेने की नौबत नहीं आई है। अब उनके दोनों बच्चे अच्छे से पढ़ाई-लिखाई कर पा रहे हैं। उन्हें बच्चों के पेन, कॉपी और किताबों के लिए चिंता नहीं करनी पड़ती। अब लोकेश्वरी बाई अपने परिवार की जरूरतों को आसानी से पूरा कर पा रही हैं और अपने बच्चों के भविष्य के लिए बचत भी कर रही हैं। लोकेश्वरी बाई ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का धन्यवाद करते हुए कहा कि महतारी वंदन योजना ने उन्हें अपने परिवार को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने में सहायता दी है, जिससे वह परिवार का खर्च वहन करते हुए आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं।

### महिला दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली 100 महिलाओं को किया गया सम्मानित

**महासमुंद, 9 मार्च ।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आज महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा ÷हम हैं शक्ति, हम हैं नारी÷ थीम पर स्थानीय शंकराचार्य भवन में महिला दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महासमुंद विधायक श्री योगेश्वर राजू सिन्हा उपस्थित रहे। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष श्री दिशा दीवान, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री देवीचंद राठी, जनपद सदस्य श्रीमती विजय लक्ष्मी जांगड़े, पार्षद पीयूष साहू, चंद्रशेखर बेलदार, ईश्वरी भोई, रमेश साहू, महेंद्र सिक्का, संदीप घोष, साजन यादव, धर्मेन्द्र महोबिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।विधायक श्री योगेश्वर राजू सिन्हा ने अपने उद्बोधन में कहा कि पूरे विश्व में भारत को माता का दर्जा दिया गया है और देश में छत्तीसगढ़ को महतारी कहा जाता है।

# अफीम की खेती के लिए शिवनाथ नदी से पानी की चोरी की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई,9 मार्च।** भिलाई बड़े पैमाने पर अफीम की खेती मामले में एक और नया खुलासा हुआ है झेंझरी गांव में भाजपा नेता विनायक ताम्रकार के द्वारा अपने खेत में बोए गए अफीम के पौधों की सिंचाई के लिए शिवनाथ नदी से पानी की चोरी की जा रही थी। इसके लिए ताम्रकार ने बिना किसी अनुमति के शिवनाथ नदी के पानी से मोटर पंप जोड़ रखा था मौके पर इस बात की जानकारी सामने आने के बाद जांच में जुटी संयुक्त टीम के द्वारा नियमानुसार कार्यवाही के लिए जल संसाधन विभाग को प्रतिवेदन भेजा जाएगा दुर्ग जिले में जेवरा सिरसा चौकी के समोदा झेंझरी गांव में भाजपा नेता विनायक ताम्रकार द्वारा राजस्थान के कुछ लोगों को बुलाकर अपने खेत में अफीम बोये गए थे बीते इस मामले का खुलासा होने के बाद जिला व पुलिस प्रशासन के साथ आबकारी विभाग की टीम लगातार कार्यवाही में जुटी हुई है मामले में भाजपा नेता विनायक ताम्रकार सहित तीन की गिरफ्तारी हो चुकी है वहीं दो आरोपियों की तलाश में पुलिस की टीम राजस्थान गई हुई है। इस बीच अफीम के पौधों की सिंचाई के लिए शिवनाथ नदी से पानी चोरी करने की बात सामने आई है मौके पर निरीक्षण के दौरान संयुक्त टीम को शिवनाथ नदी पर मोटर पंप लगाए जाने का प्रमाण मिला है जिसे जगह पर पंप लगाया गया है, वहां विनायक ताम्रकार के खेत तक पाइप लाइन का विस्तार किया गया है। इसके लिए किसी तरह की अनुमति नहीं लिए जाने की बात सामने आ रही है। लिहाजा इसे पानी की चोरी करार दिया जा रहा है बताया जा रहा है कि संयुक्त टीम ने शिवनाथ नदी से अफीम के पौधों की सिंचाई के लिए अवैध रूप से मोटर पंप लगाए जाने की फोटो और वीडियोग्राफी साक्ष्य के रूप में करा लिया है। इन साक्ष्यों के साथ जल संसाधन विभाग को प्रतिवेदन भेजा जाएगा, ताकि अवैध रूप से मोटर पंप लगाकर नदी के पानी से अफीम सहित अन्य फसल की सिंचाई के लिए नियमानुसार कार्यवाही किया जा सके। नियमों के तहत बिना अनुमति नदी या अन्य प्राकृतिक जल स्रोतों से खेतों की सिंचाई करने पर जुर्माना लगाया जा सकता है पौधे उखाड़ने में जेसीबी मशीन व 150 मजदूर लगे अफीम के पौधों को उखाड़ने सुबह से शुरू हुआ काम आज भी चलता रहा। शुरुआत में मजदूरों के जरिए हाथ से पौधों को जड़ से निकाला जा रहा था। लेकिन इसमें ज्यादा समय लगने से जेसीबी मशीन लगाया गया। जेसीबी मशीन अफीम के पौधों को जड़ से उखाड़कर रख दे रही है। इसके बाद मजदूर मिट्टी हटाकर पौधों को अलग रख रहे हैं। इसके लिए 150 के करीब महिला व पुरुष मजदूर काम में लगे हुए हैं। इधर पौधों को खेत से निकालने के बाद विनिष्टिकरण के लिए पर्यावरण विभाग से अनुमति की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अनुमति मिलते ही भिलाई इस्पात संयंत्र या अन्य किसी फैक्ट्री के फर्नेस में अफीम के पौधों को नष्ट किया जाएगा।

### महिला दिवस पर 500 से अधिक महिलाओं को योगा मेट, पानी बोतल और पौधों का वितरण

**दुर्ग , 9 मार्च।** नगर पालिक निगम दुर्ग सीमा क्षेत्र अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आज सुबह दादा-दादी, नाना-नानी पार्क में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार प्रभारी शशि साहू, देवनारायण चंद्रकार, नरेंद्र बंजारे, शेखर चंद्रकार, लीना दिनेश देवांगन, लीलाधर पाल एवं हर्षिका संभव जैन के साथ प्रातः पार्क पहुँचीं।उन्होंने उपस्थित सभी महिलाओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दीं। महापौर के कार्यक्रम स्थल पर पहुँचते ही महिलाओं ने फूल बरसाकर उनका जोरदार स्वागत किया।इस दौरान योगा क्लब के सदस्यों ने महापौर का सम्मान करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं।

## एक नजर

### टी-20 विश्वकप में भारत की ऐतिहासिक जीत पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दी बधाई

**रायपुर, 9 मार्च।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने टी20 विश्वकप के फाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत द्वारा विश्व कप का खिताब जीतने पर टीम इंडिया को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि टी20 विश्वकप के फाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम इंडिया के हमारे धुरंधरों ने एक बार फिर विश्व कप का खिताब जीतकर हर भारतवासी को गौरवान्वित किया है। इस जीत के साथ ही भारत यह खिताब 3 बार जीतने वाला पहला देश बन गया है। उन्होंने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर पूरी टीम को हार्दिक बधाई देते हुए आशा व्यक्ति की कि भविष्य में भी हमारा तिरंगा यूँ ही विश्व मंच पर शान से लहराता रहे और भारत का गौरव निरंतर बढ़ता रहे।

### महिला सशक्तिकरण की मिसाल बना चटौद

**रायपुर, 9 मार्च।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर धमतरी जिले के विकासखंड कुरूद अंतर्गत ग्राम पंचायत चटौद ने महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण आजीविका के क्षेत्र में नई पहचान बनाई है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' के प्रभावी क्रियान्वयन और महिलाओं की मेहनत से यह गांव आज 'लखपति ग्राम' के रूप में उभरकर सामने आया है आरसेटी द्वारा किए गए सर्वेक्षण और डिजिटल आजीविका रजिस्टर के आंकड़ों के अनुसार गांव के स्व-सहायता समूहों से जुड़ी 220 महिलाओं की वार्षिक आय एक लाख रुपये से अधिक दर्ज की गई है। इस उपलब्धि का थर्ड पार्टी वेरिफिकेशन भी कराया गया, जिसके बाद चटौद को आधिकारिक रूप से 'लखपति ग्राम' के रूप में मान्यता मिली। बिहान मिशन के तहत महिलाओं को स्व-सहायता समूहों से जोड़कर उद्यमिता, कौशल विकास और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए। प्रशिक्षण, वित्तीय साक्षरता और योजनाओं के मार्गदर्शन से महिलाओं में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता भी विकसित हुई। गांव की महिलाएं अब कृषि के साथ-साथ पशुपालन, मत्स्य पालन, सब्जी उत्पादन और कृषि आधारित लघु उद्योगों से भी जुड़ी हैं। इसके अलावा चटौद स्थित गणेशा फायरवर्क्स इकाई में लगभग 100 महिलाओं को रोजगार मिला है, जहां वे पर्यावरण अनुकूल ग्रीन फायरवर्क्स का निर्माण कर रही हैं। महिलाओं को एंटरप्राइज लोन और सामुदायिक निवेश कोष जैसी सुविधाओं से भी सहायता मिली है। आज चटौद की लखपति दीदियाँ आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनकर ग्रामीण विकास और महिला सशक्तिकरण की प्रेरक मिसाल बन गई हैं।

### महतारी वंदन योजना की राशि से रजनी पटेल ने सिलाई सेंटर खोला

**रायपुर, 9 मार्च।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। योजना से प्राप्त राशि का सदुपयोग कर महिलाएं स्वरोजगार के नए अवसर तैयार कर रही हैं। इसी क्रम में सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम भेड़वन की निवासी रजनी पटेल ने महतारी वंदन योजना की राशि और अपने हुनर का उपयोग कर गांव में सिलाई सेंटर की शुरुआत की है। रजनी पटेल ने योजना से मिली आर्थिक सहायता से सिलाई मशीन खरीदी और अपने गांव में सिलाई सेंटर संचालित करना शुरू किया। वे स्वयं कपड़ों की सिलाई का कार्य कर रही हैं और साथ ही गांव की अन्य महिलाओं को भी सिलाई का प्रशिक्षण दे रही हैं। इससे उन्हें नियमित आय प्राप्त हो रही है, जिससे वे अपने परिवार के पालन-पोषण में सहयोग कर रही हैं। रजनी पटेल बताती हैं कि इस कार्य से उन्हें आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिला है। सिलाई सेंटर के माध्यम से वे न केवल अपनी आजीविका चला रही हैं, बल्कि अन्य ग्रामीण महिलाओं को भी रोजगार से जोड़ने का प्रयास कर रही हैं। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान रजनी पटेल ने कहा कि महतारी वंदन योजना महिलाओं के लिए अत्यंत उपयोगी साबित हो रही है। उन्होंने इस योजना के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस पहल से महिलाओं को आगे बढ़ने और आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा मिल रही है।

# महतारी वंदन योजना महिला सशक्तिकरण के हमारे प्रयासों का प्रतीक: उप मुख्यमंत्री शर्मा




**रायपुर, 9 मार्च।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने महतारी वंदन योजना की 25 वीं किश्त की राशि बस्तर में आयोजित कार्यक्रम से जारी की। इस अवसर पर कवर्धा के वीर सावरकर भवन में महतारी वंदन सम्मेलन का आयोजन किया। इस आयोजन में उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा एवं सांसद श्री संतोष पाण्डेय भी कार्यक्रम में शामिल हुए। सम्मेलन में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्री ईश्वरी साहू, नगर पालिका अध्यक्ष श्री चन्द्र प्रकाश चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष श्री कैलाश चंद्रवंशी, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुषमा बघेल, जिला पंचायत सदस्य श्री राम कुमार भट्ट, डॉ वीरेन्द्र साहू, सभापति श्रीमती सुष्मिता पटेल, श्री नितेश अग्रवाल, श्री विजय पटेल, श्री मनीराम, श्रीमती मधु तिवारी, श्रीमती सुषमा चंद्रवंशी, जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक अग्रवाल, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री आनंद तिवारी, पार्षदगण सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।

उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने विश्व महिला दिवस की बधाई देते हुए कहा कि सिर्फ आज ही नहीं हर दिन महिला दिवस है। समाज में जब भी कुछ सकारात्मक बदलाव लाना होता है इसकी शुरुआत महिलाओं से होती है। पुरातन काल और हजारों वर्षो से यह हमारी परम्परा है, जहां माताओं का स्थान समाज में सर्वोच्च है। हमारे देश में माताएं देवियों के रूप में पूजित हैं। आदि शंकराचार्य ने जब मंडन मिश्रा से शास्त्रार्थ किया था तो निर्णायक की भूमिका भी एक विदुषी महिला उभय भारती जो कि मंडन मिश्रा की पत्नी थी, उन्होंने निभाई थी।

भारत में परिवर्तन के लिए महिला शक्ति को स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। महिलाओं को स्व रोजगार, उद्यमिता और सहकारिता से जोड़ते हुए लखपति दीदी के रूप आगे बढ़ाया जा रहा है। महतारी वंदन पूरे प्रदेश में सबसे बड़ी योजना है। महतारी वंदन योजना महिला सशक्तिकरण की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हर माह 1 हजार रुपए की राशि महिलाओं को मिल रही है।

# माताएं-बहनें सशक्त होकर समाज के समग्र विकास में दे रही हैं अहम योगदानः मुख्यमंत्री साय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 9 मार्च।** जिले के विकासखंड मुख्यालय बस्तर में आयोजित संभाग स्तरीय वृहद महतारी वंदन सम्मेलन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी और महतारी वंदन योजना की 25 वीं किश्त को हितग्राहियों के खाते में हस्तांतरित करने की बधाई देते हुए कहा कि महतारी वंदन योजना से माताओं और बहनों का आर्थिक सशक्तिकरण हो रहा है। इस योजना को दो साल पूरे हुए हैं। लगातार चौबीस किश्त के बाद आज योजना के सत्तर लाख हितग्राहियों के खातों में एक-एक हजार रुपए जारी किए हैं जो कि 25 वीं किश्त की राशि महतारी और बहनों के बैंक खातों में 641 करोड़ 58 लाख रुपए हस्तांतरित की गई। मुख्यमंत्री ने महतारी वंदन हेतु बजट में भी 8 हजार दो सौ करोड़ का प्रावधान किया जाने की जानकारी दी। प्रदेश भर के महिला हितग्राहियों से योजना के राशि का उपयोग के संबंध में संवाद का उल्लेख करते हुए कहा कि एक सुखद अनुभव है, कि कोई माता महतारी वंदन योजना की राशि को अपनी बेटी के नाम पर सुकन्या समृद्धि योजना में खाता खोली, कोई सिलाई मशीन खरीद कर कपड़े सिलाई करते हुए परिवार को आर्थिक सहायता दे रही है, कोई हितग्राही छोटे होटल को बड़े होटल का स्वरूप देकर दस से पंद्रह हजार रुपए कमा रही हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि इस कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आज लक्ष्मी सखी मिलेट कार्ट का भी शुभारंभ किया। इस मिलेट कार्ट में पुनर्वासित महिलाओं को जोड़ा गया है, जिनको कृषि कालेज के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ग्राम पंचायतों में महिलाओं को विपणन के लिए महतारी सदन का निर्माण, लखपति पहल योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। कल रायपुर में लखपति पहल योजना के कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसमें प्रदेश की सभी लखपति दीदी पहुंची थीं, इसके अलावा अन्य क्षेत्र में काम करने वाली दीदियों ने अपने अनुभव साझा किए। दीदियाँ आर्थिक सशक्त हो रही हैं, सरकार इसके लिए हरसंभव प्रयास कर रही है।

वृहद महतारी वंदन सम्मेलन को संबोधित करते हुए महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने उपस्थित माताओं एवं बहनों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई देते हुए कहा कि हमारी सरकार गठित होने के तुरंत बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी को लागू करने पर ध्यान केंद्रित किया और इसी कड़ी में महिलाओं को महतारी वंदन योजना से सहायता राशि प्रदान करने का निर्णय भी था। जिससे राज्य के करीब 70 लाख माताएं एवं बहनें लाभान्वित हो रही है। महतारी वंदन योजना के अंतर्गत नियमित रूप से हर महीने सहायता राशि प्रदाय करना अपने वादे के प्रति वचनबद्धता है। साथ ही विभिन्न जनहितकारी योजनाओं से महिलाओं को लाभान्वित करने हेतु प्राथमिकता दे रही है, जिसके फलस्वरूप प्रदेश के विकास में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है।

विधायक किरण देव ने माताओं-बहनों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई देते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार महिला सशक्तीकरण के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही हैं। इन योजनाओं का कारगर क्रियान्वयन से अब हमारी माताएं और बहनें घर परिवार को खुशहाल बनाने में जुटी हैं और प्रदेश के विकास में अहम योगदान दे रही हैं।

इस अवसर पर दंतेवाड़ा विधायक चैतराम आटामी, ब्रेवरेज कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष रूपसिंह मंडावी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वेदवती कश्यप, महापौर संजय पांडेय, राज्य लघु वनोपज संघ के अध्यक्ष रूपसाय सलाम, राज्य बीज विकास निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा, अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बस्तर दिनेश कश्यप एवं अन्य जनप्रतिनिधियों सहित कमिश्नर बस्तर डोमन सिंह, आईजी सुंदरराज पी., कलेक्टर आकाश छिकारा, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग डॉ रेणुका श्रीवास्तव, जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## नगर में पीसीसी चीफ दीपक बैज का कांग्रेसियों ने किया स्वागत



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा 9 मार्च।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज का तिल्दा नेवरा दीनदयाल चौक पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। वे एक निजी शादी समारोह में शामिल होने आए थे ,इस मौके पर तिल्दा शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अजितेश शर्मा के नेतृत्व में चौक पर जोरदार आतिशबाजी की गई । कार्यकर्ता दीपक बैज ,सोनिया, राहुल गाँधी भूपेश बघेल जिंदाबाद के नारे लगाते दीपक बैज का फूल मालाओ से स्वागत किए।कार्यकर्ताओं के जोश को देखते हुए पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा यह जोश कार्यकर्ताओं में हमेशा रहे। उन्होंने कहा कि मेरा जो यहां ऐतिहासिक स्वागत किया गया है उसके लिए मैं सभी कार्यकर्ता को धन्यवाद देता हूं ।इस अवसर पर कांग्रेस के ओम ठाकुर,देवदास टंडन ,के कृष्णमूर्ति,सुनील सोनी, कैलाश गाँधी ,अनूप रवानी,गोवर्धन यदु, मुरली वर्मा,दिलीप देवांगन, सनद सेन,तोरण जांगड़े ,अनिल सिंह,अनुराग पांडे,अजय चौहान,अजय मारकंडे,छोटू नवरंगे, तरुण अग्रवाल, प्रदीप नामदेव, संतोष यादव, हरी मारखंडे,लक्ष्मी नारायण वर्मा चांपा, पूना राम वर्मा, डिगेश्वर वर्मा, विक्की यादव, विजय चंदवानी, आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा - 9 मार्च।** अध्यक्ष/जिला एवं सत्र न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर के निर्देशानुसार तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर के मार्गदर्शन में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विशेष विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन स्थान शासकीय प्री मैट्रिक अनुसूचित जनजाति कन्या छात्रावास तिल्दा एवं नवागांव खरोरा में महिला स्व - सहायता समूह के सदस्यों के बीच किया गया में किया गया। जिसमें छात्राओं और महिलाओं को शिविर के माध्यम से राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नालसा डान योजना ड्रग्स फ्री इंडिया 2025, नालसा ग़रीबी उन्मूलन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन 2015, आपदा पीड़ितों के लिए विधिक सेवाएं 2010, नालसा वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सेवाएं 2016, महिला अधिकार, घरेलू हिंसा अधिनियम 2005, नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100, महिला हेल्पलाइन नंबर 1091,181, छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर सालसा टोल फ्री नंबर 18002332528, एवं 14 मार्च 2026, को आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत, के संबंध में जानकारी दिया गया।

# महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी क्षमता का प्रदर्शन कर समाज के विकास में निभा रही महत्वपूर्ण भूमिका

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**मोहला, 9 मार्च।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बस्तर में आयोजित 'वृहद महतारी वंदन सम्मेलन' में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने एक क्लिक के माध्यम से प्रदेश की 68 लाख से अधिक पात्र महिलाओं के बैंक खातों में महतारी वंदन योजना की 25 वीं किस्त की राशि सीधे अंतरित की। इसमें जिले की महिलाएं भी शामिल रहीं।

कार्यक्रम के अंतर्गत जिला मुख्यालय मोहला सहित जिले के सभी विकासखंडों में वृहद महतारी सम्मेलन एवं महिला क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मिनी स्टेडियम मोहला में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नम्रता सिंह, कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती भारती चंद्राकर तथा अन्य महिला अतिथियों द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नम्रता सिंह ने कहा कि शासन द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। महिलाओं को इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाकर आर्थिक रूप से मजबूत बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेकर महिलाएं अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकती हैं और अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा बन सकती हैं। आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ महिला कोष की सक्षम योजना के अंतर्गत दस पात्र महिलाओं को स्वरोजगार के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की गई। सुनीता बघेल को गोठान कार्य, मिर्च-धनिया पिसाई एवं मछली पालन के लिए 2 लाख रुपए, देवकी परतेती को पत्तल व्यवसाय के लिए 2 लाख रुपए, भानवती बाई को बकरी पालन के लिए 1 लाख रुपए, उषा बाई को बकरी पालन के लिए 1 लाख रुपए, शम्मीवानी को ईंट निर्माण के लिए 50 हजार रुपए, रेवती बाई को ईंट निर्माण के लिए 1 लाख रुपए, मान बाई को किराना स्टोर संचालन के लिए 50 हजार रुपए, बारोबाई को ईंट निर्माण के लिए 50 हजार रुपए, चंदरबाई को ईंट निर्माण के लिए 1 लाख रुपए तथा उजारोबाई को बकरी पालन के लिए 1 लाख रुपए की राशि के चेक वितरित किए गए।

### नरेगा से महिलाओं को रोजगार और आत्मनिर्भरता की नई राह

**रायपुर, 9 मार्च।** ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) अहम भूमिका निभा रही है। मुंगेली जिले में इस योजना के तहत महिलाओं को रोजगार, कौशल विकास और आजीविका के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इससे महिलाएं परिवार की आर्थिक मजबूती के साथ सामाजिक रूप से भी सशक्त बन रही हैं। जिले में मनरेगा के तहत अब तक 98 हजार 512 से अधिक महिलाओं को रोजगार मिला है। वहीं वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक 69 हजार 927 महिलाओं को 19.56 लाख मानव दिवस का रोजगार प्रदान किया गया है। इससे प्रत्येक महिला को औसतन 7 हजार रुपये से अधिक की आय प्राप्त हुई है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार आया है। महिलाओं की आय बढ़ाने के लिए मनरेगा के तहत आजीविका डबरी का निर्माण कराया जा रहा है।

# भारत स्काउट एंड गाइड के यंग फ्रेंड ग्रुप बिलासपुर ने किया शिविर का शुभारंभ



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 9 मार्च।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ,भारत स्काउट एंड गाइड के यंग फ्रेंड ग्रुप बिलासपुर के द्वारा डोंगरगढ़ में एक दिवसीय शिविर एवं ट्रैकिंग का आयोजन किया गया। जिसमें बिलासपुर के हमारे पूर्व राज्य संगठन आयुक्त श्री जनार्दन मिश्रा (रोवर स्काउट लीडर) एवं उनकी टीम के सदस्य ई.अप्पा राव, विशाल कोरी, फ्लेश कुमार साहू, दुष्यंत कुमार, कुमार संदेश, अनुराग सिंह मांझी। गाइड सेक्शन से जी.कामाक्षी देव, चंद्रिका मरावी, सिमरन ध्रुव, संजना श्रीवास आज इस शिविर का शुभारंभ फ्लैग सेरेमनी के साथ किया गया तत्पश्चात इंट्रोडक्टरी सेशन के बाद, (बड़ी बमलेश्वरी माता मंदिर तक ट्रैकिंग किया गया एवं मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया, कुछ स्काउट सेशन भी हुए, हाइक से लौटने के बाद, फ्लैग डाउन कर शिविर का समापन किया गया। डोंगरगढ़ बी.पी.स्काउट ग्रुप के द्वारा विश्व महिला दिवस के उपलक्ष पर गाइड सेक्शन के सभी लीडरों को सम्मानित किया गया। डोंगरगढ़ बी .पी.स्काउट के ग्रुप लीडर स्काउट श्री संजय सरजारे एवं नीरज कुमार ठाकुर उपस्थित थे।

# मैं भारत हूं थीम पर महिलाओं की बाइक-स्कूटी रैली गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज



**रायपुर, 9 मार्च।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर में मैं भारत हूं थीम पर भव्य बाइक-स्कूटी रैली का आयोजन किया गया। मातृशक्ति की ऐतिहासिक भागीदारी से सजी इस रैली में 2000 से अधिक महिलाओं ने हिस्सा लिया और राष्ट्रभक्ति, अनुशासन तथा महिला सशक्तिकरण का सशक्त संदेश दिया। यह रैली अपनी विशिष्टता और व्यापक सहभागिता के कारण गोल्डन बुक ऑफवर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज की गई। रैली का शुभारंभ माँ काली मंदिर से हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक वंदे मातरम् गान के साथ हुई। इसके बाद अखिल भारतीय धर्मजागरण समन्वय कार्यसमिति सदस्य श्री राजेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव और श्रीमती विभा अवस्थी ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली का नेतृत्व महिला पुलिस कर्मियों के अनुशासित दस्ते ने किया, जिसके पीछे हजारों महिलाएं हाथों में तिरंगा लिए उत्साहपूर्वक आगे बढ़ीं। यह रैली माँ काली मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए श्रीराम मंदिर, वीआईपी चौक पर संपन्न हुई। रास्ते भर नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर रैली का स्वागत किया। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. भारवि वैष्णव और सह-संयोजिका तथा नगर निगम पार्षद डॉ. अनामिका सिंह के नेतृत्व में पूरे आयोजन का सफल संचालन किया गया।

समापन समारोह में उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा भी शामिल हुए। उन्होंने महिलाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि समाज में यातायात नियमों का पालन करने का संदेश देने के लिए आज महिलाओं ने जो स्कूटी रैली निकाली वह गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल हो गयी है यह हमारे लिए गर्व का विषय है। उन्होंने अपने जीवन में अपनी बुआ अपनी मां अपनी पत्नी जैसी सशक्त महिलाओं के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि महिलाएं पुरुषों से अधिक सहनशील और ज्यादा मजबूत होती हैं।

उन्होंने स्वामी विवेकानंद के प्रेरक प्रसंग को याद करते हुए कहा कि यदि आज भारत की संस्कृति शाश्वत है, इस अविरल संस्कृति और सभ्यता को कोई आगे लेकर जाने वाला है तो वह भारत की महिलाएं हैं। अगर जीजा बाई ना होती तो शिवाजी का अस्तित्व नहीं होता और कौशल्या माता के संस्कार से ही तो भगवान श्री राम का अस्तित्व है। हर कामियाब व्यक्ति के पीछे महिला का हाथ होता है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं शासन की योजनाओं का लाभ लेकर लखपति दीदी से करोड़पति दीदी तक का सफर तय कर रहीं हैं और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ करने का भी कार्य कर रही हैं।

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202603092200008**

विषय:- ब-121
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन्:- 2025-2026
चौथना प.ह.न. 00026 [ (हे.) ]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- लेखिका,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक लेखिका पिता पंचराम जाति गोंड सा. चौथना तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के स्वयं लेखिका पिता पंचराम का जन्म दिनांक 29/06/1992 को चौथना में हुआ है, के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 20/03/2026 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02/03/2026 को जारी किया जाता है।

(मुहर) तहसीलदार डोंगरगढ़

**न्यायालय तहसीलदार भाटापारा जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.ब/121 वर्ष 2025-26
ग्राम-बोरसी प.ह.नं. 13

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को ईश्तहार के द्वारा सूचित किया जाता है आवेदक श्यामरतन लहरे पिता मनबोध लहरे जाति सतनामी निवासी ग्राम मजगांव तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) के द्वारा भूमि स्वामी हक की भूमि ग्राम बोरसी पहनं 13 रा.नि.मं. खोखली तहसील भाटापारा में स्थित भूमि खसरा नंबर 3, 10 रकबा 0.0040, 0.0450 हे. लगान 0.10 रूपये भूमि की ऋण पुस्तिका निवास स्थान ग्राम मजगांव से कहीं गुम हो जाने से द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र एवं अन्य दस्तावेजों के साथ आवेदन पेश किया है। जो न्यायालय के रा.प्र.क्र. ब/121 वर्ष 2025-26 विचाराधीन है तथा दिनांक 20/3/26 को सुनवाई हेतु नियत है।

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था को आपत्ति-दावा हो तो अपना आपत्ति-दावा मय दस्तावेज के साथ नियत दिनांक 20/3/26 को स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निश्चित समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 6/3/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील पद मुद्रा से जारी किया गया है।

(मुहर) तहसीलदार भाटापारा (छ.ग.)

एक नजर

## जिनमणिप्रभ सूरीश्वर राष्ट्ररत्न उपाधि से विभूषित



**रायपुर, 9 मार्च।** श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट ने जिनमणिप्रभ सूरीश्वर को राष्ट्ररत्न व महेन्द्र सागर को आचार्य बनाए जाने की अनुमोदना व स्वागत किया है। ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि आज जैसलमेर में आयोजित जिनदत्त सूरि चादर महोत्सव में भारतवर्ष के समस्त जैन श्रीसंघ उपस्थित थे। भारतवर्ष के सभी श्रीसंघों ने हर्षध्वनि के साथ राजस्थान व महाराष्ट्र सरकार द्वारा जिनमणि सूरीश्वर को राष्ट्र रत्न की उपाधि से विभूषित करने का अनुमोदन किया। खरतरगच्छ युवा परिषद केयूप के राष्ट्रीय मुख्य सलाहकार सुरेश भन्साली, सचिन पारख व मेघराज कांकरिया ने राष्ट्ररत्न से विभूषित किये जाने की अनुमोदना की है। ट्रस्टी महेन्द्र कोचर ने आगे बताया कि गुरुदेव ने बाल्यावस्था में ही जैन भगवती दीक्षा ग्रहण की थी।

## विज्ञान में करियर, 7 जून को परीक्षा


**रायपुर, 9 मार्च।** आज के समय में हर साइंस स्टूडेंट का सपना होता है कि वह किसी बड़े और नामी संस्थान से पढ़ाई करे, जहाँ उसे अच्छी लैब, बढ़िया फैकल्टी और रिसर्च का असली माहौल मिले। अगर आप भी 12वीं के बाद साइंस में बड़ा करना चाहते हैं, तो आपके लिए आईआईएसईआर का रास्ता खुल गया है। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफसाइंस एजुकेशन एंड रिसर्च आईआईएसईआर ने आईआईएसईआर एप्टीट्यूड टेस्ट आईएटी 2026 के लिए परीक्षा 7 जून, 2026 को होगी। सबसे जरूरी बात यह है कि अब सभी 7 आईआईएसईआर में एडमिशन सिर्फआईएटी स्कोर के आधार पर होगा, जेईई स्कोर से दाखिला नहीं मिलेगा।

## भाठागांव स्टैंड से बस चोरी

**रायपुर, 9 मार्च।** राजधानी में अब कार बाइक के इतर बड़े भारी वाहनों की चोरियां होने लगी है। नया बस स्टैंड से एक बस चोरी कर ली गई। हिमालियन हाइट्स निवासी अब्दुल अलीम 48 ने कल शाम रिपोर्ट दर्ज कराई। टिकरापारा पुलिस के अनुसार 6 मार्च की रात भाठागांव नया बस स्टैंड में खड़ी बस सीजी 07ई0782 चोर ले भागे। पुलिस ने धारा 305 दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस बस स्टैंड और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फूटेज से आरोपियों की पड़ताल कर रही है। इससे पहले होली के दिन तेलीबांधा के काली मंदिर के पास खड़े 12 चक्का ट्रक चोरी कर ली गई थी। पुलिस ने चोरों को सारंगढ़ से गिरफ्तार कर ट्रक को जब्त किया था।

# सदन में गूंजा अफीम की खेती का मुद्दा

### विपक्ष ने पेश किया स्थगन प्रस्ताव, गृह मंत्री बोले- आरोपियों के खिलाफ की त्वरित कार्रवाई



**रायपुर, 9 मार्च।** विधानसभा बजट सत्र के दौरान आज शून्य काल के दौरान विपक्ष ने दुर्ग में सामने आई भाजपा नेता के खेत में अफीम की खेती का मुद्दा उठाया. नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने मामले पर स्थगन प्रस्ताव पेश करते हुए सरकार पर दोषियों को बचाने का प्रयास करने का आरोप लगाया. इसके साथ ही कांग्रेस ने सरकार पर 'धान के कटोरा' को 'अफीम का कटोरा' बनाने की बात कही. आसंदी के स्थगन प्रस्ताव को अग्राह्य करते ही गर्भगृह में उतरकर नारेबाजी करने पर विपक्षी विधायक स्वमेव निलंबित हो गए. हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही 5 मिनट के लिए स्थगित कर दी गई.

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने कहा कि राजधानी से 50 किलोमीटर की दूरी पर विनायक ताम्रकार नाम का व्यक्ति अपनी निजी भूमि पर अफीम की खेती करने में लगा हुआ है. पूरा छत्तीसगढ़ सुलझे नशे से बर्बाद हो रहा है, और जिस ट्रैक से दूसरे तरफ किसानों के धान की खरीदी नहीं की जा रही ऐसे में हमे यह लगता है कि शायद आप लोग यही चाहते हैं कि पूरे छत्तीसगढ़ में अफीम की खेती हो. छत्तीसगढ़ जो धान का कटोरा है. उसे आप लोग अफीम का कटोरा बनान चाहते है. इसमें पूरे शासन के लोग शामिल हैं. यह सामूहिक संरक्षण में किया जा रहा है.

इस पर भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि मै तो यही कहूंगा कि इसमें कांग्रेस शामिल है. नेता प्रतिपक्ष ने मुख्यमंत्री का नाम लिया. इसका असली तथ्य कहां है? यह खेती आज से नहीं चालू है. यह खेती 4 साल से हो रही है. वहां की दूरी पाटन से 40 किलोमीटर है.


भूपेश बघेल ने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि यह होली के ठीक पहले की घटना है. गांव के लोग लकड़ी इकट्ठा करने गये थे, वहां चने के खेत से होते हुए उन लोगों ने यह खेती देखी. कलेक्टर का कहना है कि विनायक ताम्रकार के खेत में अफीम की खेती हो रही है, पर एफआईआर में नौकर को मुख्य आरोपी बताया गया है. जो मुख्य आरोपी है, उसका नाम तीसरे नंबर पर है. इसे सबका संरक्षण है, इसलिए दूसरी बात इसमें रकबा नहीं है. कुल मिलाकर लीपापोती करने की कोशिश की जा रही है. एफआईआर आखिर इतना लाचार क्यों बनाया गया है. इसे ग्राहय कर इसमें चर्चा कराएं. पहले तो पंजाब जैसे जगहों से केवल नशे के पदार्थ का आना-जाना चलता था, पर अब तो अफीम की यानी नशे की खेती हो रही है.

उप मुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा ने अपने जवाब में कहा कि दुर्ग पुलिस को 6 मार्च को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी. किसी सरपंच से ऐसी सूचना नहीं मिली थी. सूचना मिली थी कि अवैध रूप से समोद गांव के फॉर्म हाउस में अफीम की खेती की जा रही है. तत्काल वाहन टीम पहुंची. एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाई की गई. दूसरे दिन न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी की मौजूदगी में जप्ती की कार्रवाई की गई. दोषियों को मौके से ही गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया. 6 हज़ार 242 किलोग्राम अफीम जप्त की गई थी.

उन्होंने कहा कि बीते दो साल में दो हज़ार से ज़्यादा प्रकरण में से पाँच हज़ार से ज़्यादा आरोपियों के ख़िलाफ़ कार्रवाई की गई है. शासन ने सभी जिलों में टास्क फ़ोर्स का गठन किया है. आरोपी और सप्लायरों के ख़िलाफ़ फाइनेंशियल इन्वेस्टिगेशन अलग से किया जा रहा है. आरोपियों की 16 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति जप्त की गई है. 2024-25 में ड्रग्स डिपॉस्जल कमेटी का गठन कर बड़े पैमाने पर ड्रग्स डिस्पोज किया गया है. मानस पोर्टल नम्बर 1933 का व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है.


नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत ने कहा कि गृहमंत्री ने कहा कि मुखबिर ने इसकी सूचना दी थी. अजय चंद्राकर ने कहा कि 4 साल से खेती हो रही थी. राज्य के कई हिस्सों में अफीम की खेती की सूचना आती रही है. मैं 1993 में इस विभाग का मंत्री रहा हूँ. कैसे अफीम बनता है ये सब मुझे पता है. अफीम की खेती जो शुरू हुई है, ये बड़ा ख़तरनाक हो सकता है. छत्तीसगढ़ के गांवों में यदि इस तरह का नशा पैदा करेंगे, तो हमारे बच्चों का क्या होगा.

दीया तले अंधेरा



रायपुर। जोन-4 कार्यालय के बाजू वाली सड़क बैजनाथपारा में गंदगी का ढेर।

# विधानसभा में दिव्यांगजनों की पदोन्नति पर तीखी बहस





» 3 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान लेकिन अब तक कोई लाभ नहीं

» भूपेश बघेल ने मंत्री पर साधा तंज 'होली का नशा अभी उतरा नहीं'

**रायपुर, 9 मार्च।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के प्रश्नकाल में दिव्यांग कर्मचारियों को पदोन्नति में आरक्षण का मुद्दा जोरदार तरीके से उठा। भाजपा विधायक प्रमोद मिंज ने सरकार से सवाल किया कि दिव्यांगजनों को पदोन्नति में आरक्षण का लाभ क्यों नहीं मिल रहा है।

महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने सदन में लिखित जवाब देते हुए कहा कि दिव्यांगजनों के लिए पदोन्नति में 3 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है, लेकिन अब तक किसी दिव्यांग कर्मचारी को पदोन्नति नहीं दी गई है।

इस पर विधायक प्रमोद मिंज ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि केंद्र सरकार के नियमों के अनुसार दिव्यांगजनों को पदोन्नति में 4 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है और सुप्रीम कोर्ट ने भी इस संबंध में स्पष्ट निर्देश दिए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार ने इस दिशा में अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। विभाग की ओर से यह कहा जा रहा है कि पदोन्नति के लिए आवेदन नहीं आए, जबकि यह सही नहीं है। विधायक ने सरकार से पूछा कि पदोन्नति कब से शुरू होगी और इसकी समयसीमा क्या है?

मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने जवाब में कहा कि केंद्र सरकार ने राज्यों को अपने स्तर पर व्यवस्था करने का अधिकार दिया है। इसी के तहत छत्तीसगढ़ सरकार ने 3 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया है। उन्होंने बताया कि अभी तक कोई दिव्यांग अधिकारी पदोन्नति लेना नहीं चाहता था। एक आवेदन आया भी था, लेकिन संबंधित अधिकारी ने बाद में उसे वापस ले लिया।

इस जवाब पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सरकार पर करारा तंज कसते हुए कहा, यह कैसा जवाब है कि कोई अधिकारी पदोन्नति नहीं लेना चाहता? लगता है होली का नशा अभी उतरा नहीं है, उसी का असर दिखाई दे रहा है।

सदन में इस मुद्दे पर विपक्ष ने सरकार की नीति पर सवाल उठाए और मांग की कि दिव्यांग कर्मचारियों को सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुरूप 4 प्रतिशत आरक्षण का लाभ तुरंत दिया जाए। विपक्ष ने कहा कि दिव्यांगजनों के साथ भेदभाव हो रहा है और विभागीय लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंत्री ने सदन को आश्वासन दिया कि मामले की जांच कराई जाएगी और योग्य दिव्यांग कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ देने के लिए जल्द प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

# धान खरीदी पर विस में हंगामा







**रायपुर, 9 मार्च।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र में आज धान खरीदी का मुद्दा गरमा गया। बस्तर के पंजीकृत किसानों का धान नहीं खरीदे जाने को लेकर विपक्ष ने सरकार को घेर लिया और सदन में जमकर हंगामा हुआ।

कांग्रेस विधायक लखेश्वर बघेल ने सवाल उठाते हुए कहा कि बस्तर में बड़ी संख्या में किसानों का धान नहीं खरीदा गया। इस पर खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने जवाब दिया कि 44,612 किसान धान बेचने खरीदी केंद्रों तक पहुंचे ही नहीं। मंत्री के इस जवाब से विपक्ष संतुष्ट नहीं हुआ और सरकार पर धान खरीदी में गड़बड़ी और जबरिया रकबा समर्पण कराने का आरोप लगाया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी मंत्री से पूछा कि कितने किसानों से रकबा समर्पण कराया गया और क्या किसी से जबरन रकबा कम कराया गया है।

इसी दौरान कोंटा के विधायक कवासी लखमा ने भी सरकार को घेरते हुए कहा कि बस्तर आदिवासी क्षेत्र है और यहां के किसानों का धान क्यों नहीं खरीदा गया। उन्होंने कहा कि कई किसानों ने कर्ज लेकर खेती की है और अब धान नहीं बिकने से वे मुश्किल में हैं। लखमा ने यह भी सवाल उठाया कि जिन किसानों को टोकन जारी किया गया था, उनका धान आखिर क्यों नहीं खरीदा गया। उन्होंने सरकार से पूछा कि ऐसे किसानों का धान खरीदा जाएगा या फिर उनका कर्ज माफकिया जाएगा। सदन में इस मुद्दे पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस हुई। अंत में मंत्री के जवाब से असंतुष्ट कांग्रेस विधायकों ने सदन से बहिर्गमन कर दिया।

## तिवारी और मिश्रा को संत कवि पवन दीवान सम्मान

**रायपुर, 9 मार्च।** छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज द्वारा संस्कृति विभाग के सौजन्य से संत कवि पवन दीवान सम्मान समारोह शशांक शर्मा (अध्यक्ष छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी) के मुख्य आतिथ्य एवं संतोष उपाध्याय पूर्व विधायक, प्रो एस के पाण्डेय, संदीप शर्मा, सुरेश शर्मा के गरिमा मय विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। विप्र भवन समता कॉलोनी में आयोजित समारोह में कार्यक्रम की रुपरेखा प्रस्तुत करते हुए छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ने कहा स्वप्न द्रष्टा, पुरोधा संत कवि पवन दीवान के पुण्य स्मृति में आयोजित सम्मान समारोह मे छत्तीसगढ़ के कवि व साहित्यकारों को सम्मानित किया जाता है समारोह को शशांक शर्मा व संतोष उपाध्याय, प्रो एस के पाण्डेय, संदीप शर्मा, ने भी संबोधित किया। तत्पश्चात प्रसिद्ध लोक विभूति राकेश तिवारी एवं साहित्य कार अरविंद मिश्रा को शॉल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह व 21000/ - प्रदान कर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व प्रसिद्ध कवि मीर अली मीर, किशोर तिवारी, संध्यारानी शुक्ला, राजेश तिवारी सहित कवियों ने कविता पाठ कर पवन दीवान को श्रद्धांजलि दी।

PICTURE-स्टोरी



रायपुर, 9 मार्च। गैस सिलेंडर के दाम में वृद्धि के विरोध में घड़ी चौक पर कांग्रेसियों ने धरना दिया।

# महिला सशक्तिकरण जरूरी : संजय श्रीवास्तव



**रायपुर, 9 मार्च।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नारी शक्ति के सम्मान में आज जगह-जगह विभिन्न में कार्यक्रम आयोजित किए गए. किसी कड़ी में यहां बुजुर्गों की चौपाल संस्था रायपुर के द्वारा नारी शक्ति गौरव सम्मान 2026 कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय काम करने वाली प्रतिभाशाली महिलाओं का किया गया. कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के रूप में बोलते हुए नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने कहा कि महिला शक्ति हमारे समाज के आधारशिला है. महिलाओं के सम्मान, सशक्तिकरण और आर्थिक निर्भरता से ही हमारा समाज प्रगति कर सकेगा, देश विकसित बन सकेगा. कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले महिला शक्ति को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर बोलते हुए अध्यक्ष श्रीवास्तव ने कहा कि महिलाएं हमारे समाज की आधारशिला है। एक महिला सिर्फ परिवार की देखभाल ही नहीं करती बल्कि वह समाज और देश के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि एक मां अपने बच्चों को अच्छे संस्कार देती है एक बहन परिवार में प्रेम और सहयोग की भावना बढाती है और एक बेटी अपने सपनों और मेहनत से परिवार का नाम रोशन करती है। कार्यक्रम में सरस्वती प्रशांत पांडेय, डॉ, आरती उपाध्याय, अमरजीत सिंह छाबड़ा, कर्णीका जैन, लोकेश कावड़िया, ममता साहू श्रीमती प्रतिष्ठा हरितवाल सहित बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे.

आयोजन | अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जिला स्तरीय महिला सम्मेलन एवं मड़ई कार्यक्रम

# महिलाओं का योगदान परिवार, समाज और राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण : कल्पना



**रायपुर, 9 मार्च।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला बेमेतरा द्वारा जिला स्तरीय महिला सम्मेलन एवं महिला मड़ई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बेमेतरा एवं बेरला में आयोजित कार्यक्रमों में जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी विशेष रूप से शामिल हुईं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और समाज में महिलाओं की बढ़ती भूमिका पर अपने विचार साझा किए कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने कहा कि आज जिस सम्मान और गर्व के साथ इतनी बड़ी संख्या में महिलाएँ एक मंच पर एकत्रित हुई हैं, वह महिला शक्ति की वास्तविक ताकत को दर्शाता है। उन्होंने उपस्थित महिलाओं से तालियाँ बजाकर महिला शक्ति का स्वागत करने का आग्रह किया और कहा कि जब महिलाओं की आवाज एक साथ उठती है, तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन की नई शुरुआत होती है उन्होंने कहा कि महिलाओं की भूमिका केवल एक दिन तक सीमित नहीं है। महिलाओं का योगदान प्रतिदिन परिवार, समाज और राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण रहता है। एक महिला सुबह से लेकर देर रात तक परिवार की जिम्मेदारियों को निभाते हुए घर और बाहर दोनों क्षेत्रों में निरंतर कार्य करती है। चाहे घर का संचालन हो, बच्चों का पालन-पोषण हो या समाज और राष्ट्र के विकास में योगदान – महिलाएँ हर क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं कल्पना योगेश तिवारी ने कहा कि आज का समय महिलाओं के सशक्तिकरण का समय है।

### वेदांता एल्युमीनियम ने महिला दिवस मनाया

वेदांता एल्युमीनियम, जो भारत की सबसे बड़ी एल्युमीनियम उत्पादक कंपनी है, ने तरक्की की तैयारी नाम से एक अभियान शुरू किया है। यह अभियान इस बात पर जोर देता है कि देश की वास्तविक प्रगति समावेशी भागीदारी पर आधारित होती है। इस पहल के तहत किरण बेदी और अरुणिमा सिन्हा जैसे विचार-नेताओं को कर्मचारियों के साथ संवाद के लिए जोड़ा गया है। इसके साथ-साथ सामुदायिक संपर्क कार्यक्रम, स्वास्थ्य शिविर और कर्मचारियों के स्वयंसेवी प्रयासों से चलने वाली विभिन्न पहलें भी आयोजित की जा रही हैं। भारत के धातु, खनन और विनिर्माण क्षेत्रों में तेज़ वृद्धि के बावजूद महिलाओं की भागीदारी अभी भी काफी कम है। जैसे-जैसे दुनिया अधिक धातु-आधारित और तकनीक-प्रेरित भविष्य की ओर बढ़ रही है, वेदांता एल्युमीनियम यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही है कि महिलाएँ केवल शामिल ही न हों, बल्कि नेतृत्व की भूमिका में भी आगे आएँ। अपने मूल में तरक्की की तैयारी अभियान आकांक्षा से आगे बढ़कर तैयारी पर ध्यान देता है।

# दपूमरे में महिलाएं निभा रहीं महत्वपूर्ण जिम्मेदारी



**रायपुर, 9 मार्च।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में कार्यरत महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका और उनके योगदान को सम्मानपूर्वक स्मरण किया जा रहा है। आज महिलाएँ हर क्षेत्र में अपनी दक्षता, प्रतिबद्धता और नेतृत्व क्षमता का परिचय देते हुए पुरुषों के कंधे से कंधा मिलाकर रेलवे के सुचारु एवं सुरक्षित संचालन में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में महिलाएँ विभिन्न परिचालन, तकनीकी, प्रशासनिक तथा सेवा क्षेत्रों में अपनी जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर रही हैं। रेल संचालन जैसे चुनौतीपूर्ण कार्य में महिलाएँ लोको पायलट के रूप में ट्रेनों का संचालन कर रही हैं, वहीं ट्रेन मैनेजर के रूप में सम्पूर्ण ट्रेन के सुरक्षित और सुव्यवस्थित संचालन की जिम्मेदारी निभा रही हैं। इसके अतिरिक्त टिकट चेकिंग स्टाफ इंजीनियर, ट्रैक मेंटेनर जैसे तकनीकी क्षेत्रों में भी महिलाएँ सक्रिय रूप से कार्यरत हैं। यात्रियों की सुरक्षा और रेलवे परिसंपत्तियों की संरक्षा के लिए रेलवे सुरक्षा बल आरपीएफमें भी महिला अधिकारी एवं जवान पूरी तत्परता के साथ अपनी सेवाएँ दे रही हैं। स्टेशन परिसरों, ट्रेनों तथा यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26